पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 13 ◆ रायपुर 05 जनवरी 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### वनांचल क्षेत्रों को विकास के दौड़ में आगे लाने हमारी सरकार दृढ़प्रतिज्ञ - मुख्यमंत्री

# मोदी जी की गारंटी के अनुरूप हमने हर वर्ग से जुड़े वायदों को पूरा किया : मुख्यमंत्री

## सीएम ने किया 338 करोड़ रूपये के 193 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में विकास का उजियारा लाने की बड़ी पहल की है। पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।







गरियाबंद विशाल वन क्षेत्र और प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध जिला है। यहां बड़ी संख्या में विशेष पिछड़ी जनजातियां निवास करती हैं, जिनकी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार मोदी की गारंटी के हर वायदे को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज गरियाबंद जिले के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर 338 करोड़ रुपए के 193 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इनमें 119 करोड़ रुपए के 44 कार्यों का लोकार्पण तथा 219 करोड़ रुपए के 149 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने इस मौके पर जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र देवभोग-झाखरपारा के 36 गांवों के लोगों की सुविधा के लिए बेलाट नाले पर पुल निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में 99 हितग्राहियों को कृषि पंप, मछली जाल सहित एक करोड़ 27 लाख रूपये विभिन्न सामग्रियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में पात्र लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत 2 हजार 528 से अधिक आवास गरियाबंद में हमारे कमार जनजाति के लोगों के लिए स्वीकृत किये गये हैं। गरियाबंद जिले में ही इस योजना के माध्यम से 58 करोड़ रुपए की लागत से 49 सड़कें बन रही हैं। सड़कों के पूर्ण होने से कमार जनजाति की बसाहटें अब मुख्यधारा से जुड़ जाएगी, कमार जनजाति के बच्चे अब आसानी से उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। कमार बसाहटों तक आसानी से जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस पहुंच पाएगी।

**36 गांवों के लोगों की सुविधा के लिए बेलाट नाले पर पुल निर्माण की घोषणा की**

---

### पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने किया ऐलान

## पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द करेंगे लागू-सीएम



रायपुर। बस्तर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या के बाद छत्तीसगढ़ में फिर से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग उठी है. कैबिनेट से मंजूरी और विधानसभा से विधेयक पास होने के बाद भी यह कानून अब तक राजभवन में ही अटका हुआ है. इस बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गरियाबंद जिले में ऐलान करते हुए कहा कि पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून को जल्द लागू करेंगे. जिस तरह बीजापुर मामले में हमने त्वरित कार्यवाही किया है, उसे पूरा देश देखा है, सरकार पत्रकारों के साथ है. हालांकि पत्रकारों के समयावधि के सवाल पर सीएम साय ने पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू कराने का भरोसा दिलाया है.मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गरियाबंद जिले के दौरे पर हैं. उन्होंने 338 कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के अलावा बिंद्रा नवागढ़ पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी की मांग पर देवभोग में झाखरपारा मार्ग पर 36 गांव जाने वाले मार्ग में बेलाट नाला पर उच्च स्तरीय पूल निर्माण करने का भी ऐलान किया है. साथ ही सीएम साय ने यह भी ऐलान किया कि सुपबेड़ा गांव में किडनी पीड़ितों के मामले में जल्द विशेषज्ञों से संपर्क कर रिसर्च करवाएंगे.

---

### नवा रायपुर में बनेगा एआई डाटा सेंटर

# सीएम साय और वित्तमंत्री चौधरी के नेतृत्व में बनेगा राज्य का पहला केन्द्र

रायपुर। आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती उपयोगिता और वैश्विक स्तर पर एआई सर्विसेज की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायएवं वित मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में नवा रायपुर अटलनगर में राज्य का पहला एआई डाटा सेंटर बनाया जाएगा।

नवा रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण ने निविदा जारी की गई है। निर्माण के लिए सेक्टर-22 में 14 एकड़ भूमि का चिन्हांकन भी किया गया है।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार

इस एआई डाटा सेंटर से वैश्विक पटल पर नवा रायपुर अटल नगर को अलग पहचान मिलेगी, क्योंकि विश्व की कई बड़ी कंपनियां एआई डाटा प्रोसेसिंग संबंधी काम यहां से संचालित करेंगी। शहर में एक नया इको सिस्टम तैयार होगा, जिससे एआई स्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेंगे, साथ ही




फॉरेन करेंसी से व्यापार होने पर राज्य की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

### नवा रायपुर को मिलेगा एसईजेड का दर्जा

राज्य शासन का उद्देश्य है कि एआई डाटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों के सहयोग से शहर को विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाया जाए। चूंकि नवा रायपुर अटल नगर राज्य का लॉजिस्टिकल हब भी है, इसलिए एसईजेड के अंतर्गत आने पर शहर से आयात और निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे शहर में निवेश करने वाली सभी कंपनियों को बिजनेस करने में आसानी होगी। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले एसईजेड से होने वाले निर्यात पर कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी, आयकर, मिनिमम अल्टरनेट टैक्स, डिविडेंड डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स नहीं लगता।

### एआई डाटा सेंटर

जब भी आप चैट जीपीटी का उपयोग करते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं या गूगल सर्च करते हैं तो आप डेटा सेंटर पर निर्भर होते हैं। यह डाटा सेंटर जनरल प्रोसेसिंग यूनिट से संचालित किए जाते हैं। आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भी निर्भरता बढ़ रही है और वैश्विक स्तर पर आईए डेटा सेंटर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नवा रायपुर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके प्रथम चरण में नवा रायपुर के सेक्टर-22 में 5 मेगावाट के जीपीयू लगाए जाएंगे, जिसे भविष्य में 5-5 मेगावाट की क्षमता से बढ़ाया जाएगा, यह कार्य लगभग 2 वर्ष में पूरा होगा।

महतारी वंदन योजना

# महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा के साथ ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक है - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत किया है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित किया है इस योजना के माध्यम से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। माताओं-बहनों के स्वाभिमान, सम्मान और उन्हे आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का लक्ष्य लेकर भाजपा सरकार काम कर रही है। उक्त बातें भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने प्रदेश में भाजपा सरकार के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर भवन में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताओं-बहनों को सम्मानित कर अपने विचार साझा करते हुये कही। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय लेकर आई आज प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है, सरकार द्वारा लागु की गई महतारी वंदन योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। विधवा, तलाकशुदा, और परित्यक्ता महिलाएं भी इस योजना के लिए पात्र हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार किसान, गरीब, आम जनता, महिलाओं, युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मोदी की गारंटी के अंतर्गत राज्य सरकार ने एक वर्ष के भीतर ही अपने बहुत से वायदों को पूरा किया है और आने वाले समय में भी हमारी सरकार ने जितने भी वादे किये हैं वो भी इसी प्रतिबद्धता से पूर्ण होंगे। शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। इस अवसर पर शर्मा ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या मातृत्व वंदना योजना के तहत आर्थिक सहयता हो अपने ध्येय और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने के तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित होकर आम जनता के हित में काम कर रही है। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, आशीष जायसवाल, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना के लाभान्वित माताएं-बहने उपस्थित थी।

## संक्षिप्त समाचार

### महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक

**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज एवं सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. शशिकिरण कुजूर के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें स्लोगन, वाद-विवाद एवं नुक्कड़ नाटक में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बी.ए., बी.एस.सी प्रथम सेमेस्टर एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना एवं स्वच्छ भारत अभियान विषय पर शानदार नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संतोष बंजारे, राजेश कुमार, सुश्री इंद्राणी मरकाम, खिलौना कन्नौजे, पूजा गुप्ता, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. दीपेश मिश्र, ईश्वर अनंत, प्राची अग्रवाल, हरिहर खाण्डे, विनय देवांगन, सत्यम डोण्डे, डॉ. योगमाया उपाध्याय, डॉ. सुषमा कुमारी, राजू बरेठ व पूर्णिमा चंदेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### अंडरब्रिज की सर्विस रोड पर कचरों का अंबार

**भाटापारा।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत बने हुये अंडरब्रिज के बाजू से पैदल चलने की सर्विस सड़क पर जगह जगह कचरा होने से आने जाने वाले लोगों को काफी तकलीफे हो रहीं है। देवेन्द्र भृगु के घर के सामने कचरा पड़ा हुआ है और कई बार संज्ञान मे लाने के बाद भी मे सफाई व्यवस्था मे कोई विशेष सुधार नहीं हो रहा है जिससे लोग असहनीय गंदगी बदबू व बढते मच्छर मक्खी के प्रकोप से लोग हलाकान है। मुख्य मार्ग पर हीं जेसीबी के सहारे कचरे उठाये जा रहे है गली मोहल्लो चौक चैराहो मे आज भी सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी है। भाटापारा मे सफाई व्यवस्था मे सुधार के पर्याप्त लक्षण नहीं दिख रहे है जिसके चलते नगर मे अनेक किस्म के बीमारी का प्रकोप देखने मे आ रहा है।



# डीएवी स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** डीएवी स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमे पहले दिन कक्षा एलकेजी, यूकेजी तथा कक्षा पहली और दूसरी बैग रेस, बॉल थ्रो, फ्रॉग रेस, जंपिंग रेस, कोन रेस, ईट एंड रन रेस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तथा कक्षा तीसरी से पांचवी तक 100 मीटर रेस, स्किपिंग, वन लेग रेस, थ्री लैग रेस, जंपिंग ग्रेस, सेक रेस में विद्यार्थियों ने अपनी खेल में प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। खेल दिवस के द्वितीय दिन 20 दिसंबर कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों ने 100 मीटर रेस, स्किपिंग, 1 लेग रेस, 3 लेग रेस, शेक में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा आठवीं से 12 वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के समूह जल हाउस, पृथ्वी हाउस, अग्नि हाउस और आकाश हाउस के बीच उन खेलों के प्रति उमंग और उत्साह का अदभूद संगम देखने को मिला जिसमें विद्यार्थी अपने साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन, खो- खो कबड्डी, रिले रेस, ठग आफ वार में सभी हाउस के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दिया। डीएवी संस्था प्रमुख एस के सिंह, सरपंच संतोष साहू तथा डीएवी के भूतपूर्व छात्र और अग्निवीर सैनिक यश साहू समारोह के साक्षी बने।

# भाटापारा में हाईटेक बस स्टैंड निर्माण की पुरजोर मांग

## ऑटो चालक एवं बस ओनर्स संघ के बीच द्वंद जारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे एक लंबे समय से व्यवस्थित बस स्टैड की जरूरत महसूस की जा रहीं है लेकिन इस दिशा मे समुचित पहल नहीं किये जाने से प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा शहर सुविधायुक्त बस स्टैड के लिये तरस रहा है। वर्तमान मे ऑटो चालक एवं बस ऑनर्स संघ के बीच रेल्वे स्टेशन मे गाडी लगाने के नाम पर द्वंद जारी है ऑटो चालक संघ की मांग है कि रेल्वे स्टेशन मे किसी भी बस को आने की अनुमति न दी जाये इससे हमारे रोजी रोटी पर संकट व्याप्त है वहीं बस ऑनर्स संघ का कहना है परिवहन विभाग द्वारा हमने बसों का परमिट लिया हुआ है बकायदा टैक्स जमा करते है वहीं आटो चालक बिना समुचित दस्तावेज और कागज तथा बिना टैक्स भरे हमारी गाडी को बंद करने की मांग करते है जो अनुचित है। वहीं इसको लेकर तीन दिनो से एसडीएम नितीन तिवारी तहसीलदार यशवंत कुमार एवं यातायात प्रभारी हेमंत पटेल दोनो पक्षो से वार्तालाप कर और कई बैठको के बाद सहमति बनाने मे कुछ हद तक सफल हुये है। इसी के साथ हीं बस ऑनर्स संघ ने एक व्यवस्थित बस स्टैड उपलब्ध कराने की मांग की है। विदित हो कि अरसे पहले कृषि उपज मंडी के समीप अविभाजित मध्य प्रदेश मे बस स्टैड बनाया गया था जो वर्तमान मे पूरी तरह अवैध कब्जे की चपेट मे आ गया है स्थिति यह हो गई है कि बस स्टैड के भीतर अवैध कब्जाधारी काबिज हो गये है और तमाम मार्गो पर चलने वाली बस सड़क पर आकर खडी हो रहीं है प्रदेश मे यह अपनी तरह का पहला मामला है जब अवैध कब्जाधारियो ने बस स्टैड मे इस कदर कब्जा कर लिया है कि बस को स्टैड से बाहर होना पड़ गया है। यात्री बसों की प्रतीक्षा करते हुये जोखिमपूर्ण ढंग से यात्रियो को सड़क पर खडे रहना पड़ता है। वही बाहर से आने वाले यात्री भी सड़क पर बस से उतरते है इस बीच महिला बस यात्रियों को व्यवस्थित बस स्टैड नहीं होने से बैठने से लेकर प्रसाधन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बरसात व गर्मी मे बस यात्रियों को बारिश व तेज धूप की मार सहते हुये सड़क पर हीं बेबस रूप से प्रतीक्षा करना होता है। क्षेत्र के नागरिको ने शहर मे हाई टेक बस स्टैड का निर्माण कर यात्रियों को सुविधा प्रदान करने की मांग पुनरू की है।

# स्वागत है 2025

## रेत की तरह फिसल रहा है दिसंबर...!

जिसके खत्म होते ही 2024 को विदाई हो जाएगी। वैसे तो यह साल जाने को है लेकिन जाते जाते अपनी तमाम यादें छोड़े जा रहा है। कुछ ऐसी भी यादें जो भुलाई नहीं जा सकती। कुछ हसीन लम्हें, कुछ गमगीन कर देने वाली यादें, वहीं कुछ अपनों के बदलते चेहरे, जिन्होंने साथ निभाने का वायदा तो किया था मगर बीच मझधार में छोड़ गये। साल का आखरी महीना जैसे जैसे बीत रहा है वैसे-वैसे बरबस यादें एक के बाद एक उभरती चली जा रही हैं।

बहुत सारे अरमान संजोए हुए थे। अपने अंदर समाय हुए कुछ तूफान.. जो शायद हम किसी से कह नहीं पाए। कहें भी तो किससे..! और कौन है, इस मतलबी दुनिया में, जो अन्तर्मन की पीड़ा को समझे। अपने अन्तर्मन की उदासी की कैसे बताएँ! किसको..! किसको इतनी फुरसत है जो अपने व्यस्त जीवन में समय निकालें और दूसरे की व्यथा को समझे। हर व्यक्ति की अपनी अपनी परेशानी से घिरे हैं। अपने ही जीवन की कठनाईयों से हर कोई जूझ रहा है। कोई दूसरों की खुशियों को देख परेशान है तो कोई खुद परेशान है।जिनके चेहरे पर एक और चेहरा खुशियाँ झलका रहा लेकिन मन से परेशान है।

खैर..! दिसंबर बीत रहा है उसी के साथ जनवरी का आगमन हो रहा है। एक नये साल की शुरुआत,जीवन की नई उम्मीदों, नई ख्वाहिशों को लिए, जिसमें कुछ पुराने सपनों के पूरा होने की आशा झलक रही हैं।

2025 का स्वागत...! फिर से कुछ नया करने और नया लिखने की चाहत। पुराने लम्हों को अपनी यादों में संजोए फिर से उन्हें शब्द देकर एक नये सफर में चलने की शुरुआत करने संकल्प लेना होगा।

आगत का स्वागत। 2025 की सुबह, गिरती शीत और घने कोहरे की धुंध को भेदती सूरज की किरणें हमें सहज, सजग आशा का संदेश देगी। ठिठुरन भरी सर्द सुबह पेड़ों के पत्तों पर मोती से चमकती बूंदें हमें अहसास दिलाएंगी कि वही प्यास बुझातीं है, वही नदियां बन प्रवाहित होती जीवन को सहेजतीं है। फिर से मेघ बन बरस पड़ती है। वह तमाम बुराईयों से लिपट कर भी फिर से वही स्वच्छ रुप लिये धरती पर जीवन को जीवन्त करती है। काश इंसान अन्तर्मन भी कटुता को भुलाकर उन बूंदें जैसा हो जो बार-बार धूमिल होने के बाद निर्मल हो जीवन को सहेजती हैं।

**- स्नेहा वरुण**
**नीमच, मध्यप्रदेश**



# भारत की राजनीति को भाई-भतीजावाद से मुक्ति कैसे


नए साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक प्रमुख लक्ष्य राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का होना चाहिए। उन्होंने बड़ी प्रतिबद्धता के साथ यह लक्ष्य तय किया है। परंतु मुश्किल यह है कि राजनीति की ऊपर से नीचे तक सफाई करने और राजनेताओं के ऊपर लंबित मुकदमों को प्राथमिकता के साथ निपटा कर राजनीति को अपराध मुक्त करने का लक्ष्य भी उन्होंने इतनी ही प्रतिबद्धता के साथ तय किया था। बनाने के मामले में अव्वल नहीं है तो किसी से पीछे भी नहीं है। तभी राजनीति को परिवारवाद से मुक्त करने की उनकी प्रतिबद्धता को लेकर भी सवाल उठते हैं और ऐसा लगता है कि भाई-भतीजावाद से भारतीय राजनीति को मुक्ति दिलाने से उनका मतलब सिर्फ नेहरू गांधी परिवार या उनके साथ राजनीतिक गठजोड़ करने वाले कुछ अन्य परिवारों को राजनीति में हाशिए पर ले जाना या उनको चुनाव हराना है। इसके बावजूद अगर नए साल के दूसरे दिन हम इस सवाल पर चर्चा कर रहे हैं कि भारत की राजनीति को भाई-भतीजावाद से मुक्ति कैसे मिलेगी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घोषित लक्ष्य के साथ साथ इसका एक दूसरा कारण यह है कि सुप्रीम कोर्ट के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने भारत की शीर्ष न्यायपालिका को परिवारवाद से मुक्ति दिलाने की योजना बनाई है। हालांकि अभी तक इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन जो खबर आई है उसके मुताबिक चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि हाई कोर्ट्स और सुप्रीम कोर्ट में ऐसे लोगों को जज नहीं बनाया जाएगा, जिनके परिवार के लोग जज रहे होंगे। बताया जा रहा है कि उन्होंने हाई कोर्ट्स की कॉलेजियम को निर्देश भेजा है कि वे ऐसे वकीलों के नाम जज के लिए नहीं भेजें, जिनके परिवार के लोग जज रहे हों।

**- अजीत द्विवेदी**

# 1857 सोनाखान

## (पुस्तक समीक्षा)

अंग्रेजों के खिलाफ 1957 की सशस्त्र क्रांति के पहले छत्तीसगढ़ क्षेत्र में स्वतंत्र चेतना का सूत्रपात हुआ। वर्तमान बलौदा बाजार भाटापारा जिला में स्थित सोनाखान से अंग्रेजी शासन की नीतियों के खिलाफ विद्रोह हुआ था। जब सोनाखान के जमींदार रहे नारायण सिंह ने प्रजा हित के लिए जमाखोर व्यापारी के गोदाम में रखा धान किसानों को बांट दिया।




1956 का भीषण अकाल की त्रासदी के चलते ऐसी स्थिति निर्मित हुई । इसी के साथ नारायण सिंह ने किसान, आदिवासियों को लेकर अपनी सेना तैयार की ताकि अंग्रेजी शासन की दासता से मुक्ति मिल सके। विश्वासघात के कारण नारायण सिंह अंग्रेजों के चंगुल में फंस गए और उन्हें रायपुर में फाँसी दे दी गई। आजादी के आंदोलन में छत्तीसगढ़ क्षेत्र की भागीदारी को इतिहास में रेखांकित नहीं किया गया।

छत्तीसगढ़ के सबसे पहले बलिदानी नारायण सिंह को लेकर आशीष सिंह ने एक पुस्तक लिखी है, 1857 सोनाखान। नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं जिन्होंने अपना बलिदान दिया था। सोनाखान के वीर नारायण सिंह और उनके विद्रोह पर केन्द्रित इतिहास को आशीष सिंह ने अपनी पुस्तक में पूर्ण प्रमाणिकता के साथ प्रस्तुत किया है।

1857 सोनाखान एक ऐसा उपन्यास हैं जिसकी कथावस्तु में 1856 से सोनाखान से उतनी विद्रोह की लहर के तथ्यों को सिलसिलेवार पिरोया गया है। सोनाखान के जमींदार नारायण सिंह ने अकाल से राहत दिलाने जमाखोर सेठ माखन के गोदाम से धान लूट कर बाँट दिया था। लूट की रिपोर्ट सेठ ने अंग्रेजी सरकार से कर दी। आशीष का उपन्यास यहीं से शुरु होता है। पहला- कस रे माखन, तोर गोदाम म लूट होय है सुनत हौ, सिरतोन बात आय का रे?

माखन- हव दाऊ। लूट नहिं, भलूक भारी लूट होय है। मोर भारी नुकसान हो गे है।

1857 सोनाखान की कथावस्तु में 1856 से लेकर 1857 के विद्रोह की घटनाओं को पिरोया गया है। जिसमें सोनाखान, रायपुर सहित संबलपुर में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में छत्तीसगढ की सामाजिक और राजनैतिक चेतना का दिग्दर्शन है। अंग्रेजों की दमनकारी नीति, शोषण के साथ फूट डालो और राज करो% को उकेरते हुए

19वीं सदी में छत्तीसगढ़ क्षेत्र के उभरते स्वरों को लेखक ने प्रमाणिकता के शब्द दिए हैं।

नारायण सिंह का बलिदान भारत के इतिहास का हिस्सा नहीं बन सका। वहीं उनके बारे ठीक ठीक ब्यौरा संकलित करने काम भी नहीं किया जा सका था। आशीष ने इस संबंध में संपूर्ण घटनाओं को प्रमाण सहित अपनी पुस्तक में समाहित किया है। पुस्तक में तिथी वार घटनाओं को लिखा गया है। प्रमाणिकता के साथ दस्तावेज भी..

10 दिसंबर 1857 को रायपुर के सैनिक छावनी में परेड के समय नारायणसिंह को फाँसी ही गई।

आशीष सिंह ने 1857 सोनाखान उपन्यास में नाट्य तत्वों का प्रयोग करके उसे तारतम्यता देते हुए रोचक बनाया है। चलचित्र की भांति उपन्यास में सोनाखान की तस्वीर उभरती है, छत्तीसगढ़ में संवाद होता है। जहां छत्तीसगढ़ की सामाजिक परिस्थितियों सहित जीवन शैली को उकेरते हुए सामाजिक बदलाव की घटनाओं को सूक्ष्मता से पिरोया गया है। सूत्रधार बनकर सोनाखान गाँव का हाल ग्रामीण जनजीवन के साथ खेती-किसानी को बताया है। उपन्यास सहज सरस होता चला गया जिसमें छत्तीसगढ़ के तीज-त्यौहार, रीति रिवाजों के साथ सामाजिक परंपराओं को उकेरने के लिए छत्तीसगढ़ी गीतों को जगह जगह समाहित किया गया है।

1857 सोनाखान में आशीष ने भाषाई समरसता के संतुलन में अपनी रचना कौशल का परिचय दिया है। हिन्दी, छत्तीसगढ़ी गद्य के साथ छत्तीसगढ़ी पद्य कथानक को उभारते हुए और सरस बनाते हैं। कहीं अंग्रेजी के साथ माटी का वंदन करते हुए संस्कृत में अपने उद्?गारों को व्यक्त करते आशीष छत्तीसगढ़ भूमि को नमन करते नजर आते हैं।

1857 सोनाखान छत्तीसगढ़ के स्वतत्रंता आंदोलन के सेनानियों के साथ तात्कालीन जनजीवन को भी प्रस्तुत करती है।

छत्तीसगढ़ अंचल में गंभीरतापूर्वक लेखन करने करने वालों में से एक आशीष सिंह भी हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ के महान सपूत नारायण सिंह की सौर्य गाथा को प्रमाणिकता के साथ लिखा है। 1857 सोनाखान को सुन्दरतम अभिव्यक्ति देते हुए समूचे छत्तीसगढ़ को साकार करने के लिए आशीष सिंह को साधुवाद।

**1857 सोनाखान**
**आशीष सिंह**
**प्रकाशक-हरि ठाकुर स्मारक संस्थान,413, सुन्दर नगर, रायपुर ( छत्तीसगढ़ )**

**समीक्षा -**
**रविन्द्र गिन्नौरे**

# शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए मारपीट किये जाने के मामले में 4 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

## थाना कमलेश्वरपुर पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्यवाही करते हुए, आरोपी को किया गया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।**

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी मदनेश्वर प्रसाद पैकरा साकिन बकना खुर्द अम्बिकापुर हाल मुकाम बिसरपानी मैनपाट कमलेश्वरपुर द्वारा दिनांक 21/09/24 कों थाना कमलेश्वरपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21/09/24 के सुबह अपने बीट में डयूटी के दौरान पेट्रोलिंग हेतु अपनी साथी वनकर्मी वन रक्षक बीट नागांडांड जयनाथ पन्ना के साथ वन भ्रमण पर निकले थे साथ में पथ वृक्षारोपण बिसरपानी का चौकीदार सुरेश मझवार भी था तभी बिसरपानी गांव भुडुपानी पारा के रोड़ के नीचे कक्ष क्रमांक P-2324 में एक साल का पेड काटकर गिराया हुआ दिखाई दिया, प्रार्थी द्वारा वहा पर




उपस्थित व्यक्ति से साल का पेड़ को कौन काटा इस सम्बन्ध मे पूछताछ किये जो नही जानना बताया, तब प्रार्थी एवं अन्य कटे हुए पेड़ का नाप जोक करने लगे उसी समय ग्राम बिसरपानी के नरेश यादव एवं अन्य द्वारा प्रार्थी कों जातिगत गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते शासकीय कार्य में बाधा उत्पन करते हुए हाथ मुक्का व टांगी के बेंट से मारपीट किये है। फिर नरेश यादव घर से सब्बल लाकर प्रार्थी एवं पीडित को

**आरोपी के कब्जे से छड़ का लम्बा टुकड़ा किया गया बरामद, गंभीर अपराधों मे पुलिस टीम की सख्ती से कार्यवाही जारी**

जान से मारने के लिए दौडाने लगा तब प्रार्थी एवं अन्य मौके से भाग गए। जिससे प्रार्थी के चेहरा एवं जयनाथ पन्ना का कमर व पीठ में चोट लगा है। मामले मे प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 80/24 धारा 296, 351(2), 121(1), 132, 221, 324, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले मे प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया जो अपने कथन में पीडित अनुसूचित जनजाति का होना बताया हैं, आरोपीगणों द्वारा प्रार्थी कों जातिगत गाली गलौज कर टांगी के बेट से मारपीट करना बतायें जाने पर मामले मे एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2) (1) (क) जोडी गई है, मामले के आरोपियों कों गिरफ्तार किये जाने हेतु पुलिस टीम द्वारा कई बार प्रयास किया जा रहा था, लेकिन आरोपीगण का घर जंगल किनारे होने से गिरफ्तारी के डर से पुलिस टीम को देख कर जंगल में फरार हो जाते थे. कि दिनांक 02/01/25 को आरोपियों के सम्बन्ध मे सायबर सेल से तकनिकी सहायता प्राप्त कर मामले के आरोपी नरेश यादव कों टाऊ खलिहान से पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम नरेश यादव उम्र 25 वर्ष साकिन बिसरपानी भुडूपानी थाना कमलेश्वरपुर जिला सरगुजा का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुध्द अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा जाता हैं, प्रकरण में अन्य आरोपीगण घटना दिनांक से फरार है, जिनका पता तलास किया जा रही है।जल्द ही शेष आरोपियों कों गिरफ्तार कर लिया जायगा। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर निरीक्षक भरतलाल साहू, प्रधान आरक्षक अखिलेश्वर भगत, आरक्षक अर्जुन पैकरा, मदन पैकरा, परवेज फिरदौसी, आदेश कुमार सक्रिय रहे।

# विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण

**भाटापारा।** ग्रामीण क्षेत्रों का विकास ही हमारे विकसित भारत का आधार है। सड़क, बिजली व पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए एक में डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की गई है और आगे भी यह विकास यात्रा दोगुनी रफ्तार से जारी रहेगी। उक्त बातें ग्राम आलेसुर, बीजाभाट एवं खैरी में लाखो रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण कर भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों से कही शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य किये जा रहें हैं जो द्रुत गति से अधोसंरचना विकास के पूर्ण किये जा रहे है जिसका सकारातमक परिणाम दिखाई दे रहा है। शिवरतन शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला दीर्घ कालीन मरम्मत एवं आहाता निर्माण कार्य बीजाभाट, महामाया भवन, शासकीय प्राथमिक शाला दीर्घ कालीन मरम्मत कार्य व जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण लोकार्पण अलेसुर, निषाद समाज सामुदायिक भवन खैरी का लोकार्पण किया।

# ज्योतिबाफुले अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. सुखदेव

**रायपुर/** अंधश्रद्ध निर्मूलन एवं वैज्ञानिक चेतना पर त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार पुणे में आयोजित किया गया। 27 दिसंबर से लेकर 29 दिसंबर के आयोजन में देश विदेश से विद्वान सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ से रायपुर के डॉ. सुखदेव को आमंत्रित किया गया। आमंत्रित वक्ताओं में डॉ. सुखदेव ने वैज्ञानिक सोच पर अपना उदबोधन दिया। कार्यक्रम में डॉ.सुखदेव को महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड से सम्मानित किया गया।




# पुलिस अधीक्षक सरगुजा के दिशा निर्देशन में पुलिस मितान के सदस्यों द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल (भा.पु.से.)के दिशा निर्देशन में पुलिस मितान टीम ने पूर्व माध्यमिक शाला, कांतिप्रकाशपुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करना और उनके जीवन में आत्मरक्षा के मूलभूत उपायों को सशक्त बनाना था, कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यातायात सुरक्षा से संबंधित आवश्यक नियमों की जानकारी दी गई, जिसमें सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, यातायात संकेतों का पालन करने और




दुर्घटनाओं से बचने के उपाय शामिल थे। इसके अतिरिक्त, बच्चों को आत्मरक्षा के सरल और प्रभावी उपायों के बारे में भी बताया गया, जो विशेष रूप से आपातकालीन परिस्थितियों में उनके लिए उपयोगी हो सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण सत्र गुड टच और बैड टच विषय पर केंद्रित था। पुलिस मितान टीम ने बच्चों को शरीर की सुरक्षा, व्यक्तिगत सीमाओं और अनुचित स्पर्श को पहचानने के तरीके समझाए। इस सत्र ने बच्चों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया, कार्यक्रम में पुलिस मितान श्रुति तिवारी ने प्रमुख भूमिका निभाई। साथ ही साइबर वॉलंटियर अनमोल बारी, अतुल गुप्ता सहित महिला पुलिस बल ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और छात्रों को विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल छात्रों के जीवन को सुरक्षित बनाते हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं, कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए।

# जबरन दुष्कर्म एवं जमीन दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

### थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही।

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**सरगुजा।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया दिनांक 19/09/24 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया का जानपहचान खैरबार रोड़ घुटरापारा निवासी अमित सोनी से हुआ था, प्रार्थिया जमीन क्रय करना चाहती थी, इस दौरान आरोपी अमित सोनी प्रार्थिया कों जमीन दिलाने के नाम पर साथ मे घुमाता था, जमीन दिखाने के बाद अमित प्रार्थिया कों खाना खिलाने लॉज ले गया और प्रार्थिया कों खाना खिलाने के नाम पर रूम ले जाकर जबरन दुष्कर्म की घटना कों अंजाम दिया हैं, जब प्रार्थिया मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना जाने लगी तो आरोपी अमित सोनी प्रार्थिया कों पत्नी बनाकर साथ मे रखने की बात बोलकर झांसे मे लेकर थाना जाने से रोक लिया, प्रार्थिया कों बाद मे पता चला कि आरोपी अमित पहले से विवाहित हैं आरोपी तब से लगातार प्रार्थिया कों अलग रखने का झांसा देकर लगातार जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं और जरही भटगांव मे जमीन दिलाने के नाम पर प्रार्थिया के स्वामित्व की जमीन कों बेचकर पैसा भी स्वयं रख लिया साथ ही प्रार्थिया के मकान का दस्तावेज एवं ऋण पुस्तिका भी रख लिया हैं, साथ ही अमित सोनी प्रार्थिया से 02 नग मोबाइल एवं 01 नग टीवी भी

**आरोपी के कब्जे से प्रार्थिया के नाम का स्कूटी किया गया बरामद**

**महिला सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों पर लगातार की जा रही सख्ती से कार्यवाही**

फाइनेंस करा कर लिया हैं, जमीन दिलाने के नाम पर अमित सोनी प्रार्थिया के सास ससुर से लोन कराकर सारा पैसा रख लिया हैं और प्रार्थिया का नौकरी लगाने के नाम पर 05 लाख रुपये भी लिया हैं इस प्रकार आरोपी अमित सोनी द्वारा प्रार्थिया से कुल 25 लाख रुपये की ठगी की गई हैं और आज दिनांक तक ना ही जमीन दिलवाया हैं और ना ही पैसा दिया हैं, जमीन दिलावाने की बात बोलने पर जमीन विक्रय कर जान से मारने की धमकी भी देता हैं, मामले मे प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 625/24 धारा 376(2) एन, 420, 506 बी, 384 भा. द. वि. एवं एसटी/एससी एक्ट की धारा 3(2)(5) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था आरोपी घटना के पश्चात से लगातार अपने सकुनत से फरार चल रहा था, आरोपी के सम्बन्ध मे मुखबीर तैनात किये गये थे, इस दौरान मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपी बिलासपुर मे लुक छिप का रह रहा हैं, पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा अपना नाम अमित सोनी उम्र 32 वर्ष साकिन खैरबार रोड़ घुटरापारा थाना अम्बिकापुर का होना बताया आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित करना स्वीकार किया गया, 02 नग मोबाइल एवं 01 नग टीवी कों तोड़कर फेक देना बताया हैं, एवं प्रार्थिया से लिए पैसो कों खाने पीने मे खर्च हो जाना बताया हैं, आरोपी प्रार्थिया के नाम का 01 नग स्कूटी बरामद कराया हैं, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, आरक्षक अनिल मरावी, मनीष सिंह, शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता सक्रिय रहे।

## होलीक्रास कान्वेंट सिनियर सेकेन्डरी के छात्रों कें द्वारा घड़ी चौक से महामाया चौक तक प्लास्टिक बैन को लेकर निकाला गया जुलुस

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** अंबिकापुर के होलीक्रॉस कन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सराहनीय पहल किया गया। जिसमें बेकार पड़े प्लास्टिक के रैपर को इकट्ठा कर जिस कंपनी के द्वारा प्रोडक्ट बनाए गए हैं। उसे वापस भेजने के लिए हर साल तैयारी की जाती है। आपको बता दें कि होलीक्रॉस कन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पिछले कई सालों से इस तरह से लैस, कुरकुरे, चॉकलेट सहित अन्य प्रोडक्ट के रैपर को इकट्ठा कर 25 दिसंबर व नए साल के अवसर पर हर साल उपहार के स्वरुप कंपनी को भेजते हैं। इसी कड़ी में होली क्रॉस कन्वेंट स्कूल अंबिकापुर के छात्र-छात्राओं ने बेकार हुए रैपर को भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। इधर छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्लास्टिक के रैपर मिट्टी, समुद्र में मौजूद जीव जंतुओं सहित पशुओं को भी इससे खासा नुकसान पहुंचता है। जिससे उनकी मौतें भी हो जाती है। वही इस सिंगल उसे प्लास्टिक पर्यावरण को भी नुकसान पहुँचाता है। इसलिए हम कंपनी को बताना चाहते हैं कि प्लास्टिक की जगह कोई दोबारा उपयोग करने वाली वस्तुओं के साथ अपना प्रोडक्ट बनाने पर विचार करें। जिससे कि पर्यावरण दूषित ना हो सके।

# ड्रग तस्करी के मामले में सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही जारी

### मामले में आरोपी किया गया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला




**सरगुजा।** प्रतिबंधित नशीले पदार्थो की खरीद बिक्री मे शामिल आरोपियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सख्ती से कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम के मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि थाना कोतवाली पुलिस टीम कों दिनांक 31/12/24 कों मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि मायापुर का खैरुल अंसारी प्रतिबंधित नशीला टेबलेट एवं सिरफ बैग मे रखकर बिक्री करने के लिए बौरी बांध तालाब के पास खड़े होकर ग्राहक का इंतज़ार कर रहा हैं। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सुचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर देखा गया जो मौके पर एक व्यक्ति बैग लेकर खड़ा हुआ मिला उक्त संदेही की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो संदेही द्वारा अपना नाम मो. खैरुल अंसारी उम्र 29 वर्ष साकिन पार्षद गली मायापुर थाना अम्बिकापुर का होना बताया संदेही के कब्जे से रखे बैग के बारे मे पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नही दिया गया, जो संदेही के कब्जे मे रखे बैग की तलाशी लेने पर कुल 1200 नग प्रतिबंधित नशीला टेबलेट एवं 15 नग प्रतिबंधित नशीला

**थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 1200 नग प्रतिबंधित अवैध नशीला टेबलेट एवं 15 नग प्रतिबंधित नशीला कफ सिरफ कुल किमती 33000/- रुपये किया गया बरामद।**

**नशीले पदार्थो के अवैध कारोबार मे संलिप्त आरोपियों पर लगातार की जा रही सख्त वैधानिक कार्यवाही।**

कफ सिरफ कुल किमती लगभग 33000/- रुपये जप्त किया गया, उक्त नशीले टेबलेट एवं सिरफ के सबंध मे आरोपी से पूछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा अवैध प्रतिबंधित नशीला टेबलेट एवं सिरफ रखकर ग्राहक की तलाश करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 01/25 धारा 21(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक वंश नारायण शर्मा, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी, आरक्षक विवेक राय, रमन मण्डल, नितिन सिन्हा, शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता सक्रिय रहे।

# सेवानिवृत उप निरीक्षक श्री लोहरा राम की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पश्चात सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई भावभीनी विदाई

## शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर स्वस्थ्य जीवन हेतु दी गई शुभकामनायें

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** पुलिस मे पदस्थ उप निरीक्षक श्री लोहरा राम के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पश्चात सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार मे सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई, सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने कहा कि सेवानिवृत उप निरीक्षक श्री लोहरा राम ने ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन कर संवेदनशील पुलिसिंग में अपना सहयोग सरगुजा पुलिस कों प्रदान किया हैं, अब हमें अपने सेवानिवृत हो रहे उप निरीक्षक एवं उनके परिवार के प्रति संवेदनशील होकर पुलिस परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी हैं,




कार्यलयीन अधिकारी एवं सम्बंधित थाना प्रभारी सेवानिवृत हो चुके अधिकारी/कर्मचारियों की सुध लेते रहे, किसी भी प्रकार की तकलीफ में त्वरित सहायता हेतु उपलब्ध रहे साथ ही पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा सेवानिवृत उप निरीक्षक एवं उनके परिवारजनों कों किसी भी समस्या में कार्यालय आकर प्रत्यक्ष रूप से मिलकर समस्या का निदान करने की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक

**विदाई सम्मान समारोह के दौरान ही सेवानिवृत उप निरीक्षक को पी.पी.ओ. आदेश किये गए प्रदान**

सरगुजा द्वारा सेवानिवृत उप निरीक्षक कों स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनायें देकर आगे निरंतर जीवन मे प्रगति करने की शुभकामनायें दी गई।

सेवानिवृत उप निरीक्षक श्री लोहरा राम से उनके कार्यकाल के अनुभव को साझा किया गया एवं सेवानिवृति के पश्चात की योजनाओं के संबंध मे भी जानकारी ली गई, कार्यक्रम मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उप निरीक्षक को शाल श्रीफल के साथ मोमेंटो प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई, साथ ही मौक़े पर ही सेवानिवृत उप निरीक्षक के सभी कार्यालयींन औपचारिकताये पूर्ण कर पी.पी.ओ. आदेश जारी किये गए।

विदाई सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों, स्टेनो श्री फबियानुस तिर्की, निरीक्षक अंजू चेलक, मुख्य लिपिक निरीक्षक (एम) अजय गुहा, सहायक उप निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, समस्त कार्यालयीन स्टाप एवं सेवानिवृत पुलिस अधिकारी के परिवारो के सदस्य शामिल रहे।

# नवपदस्थ सीएमओ यशवंत देवांगन ने संभाला पदभार

## थानखम्हरिया के विकास और स्वच्छता के लिए नई दिशा तय

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर पंचायत थानखम्हरिया के नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) यशवंत देवांगन ने पदभार ग्रहण करते हुए नगर को स्वच्छता और विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया है। अपने पहले दिन उन्होंने नगरवासियों को भरोसा दिलाया कि उनका कार्यकाल स्वच्छता, विकास और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रतीक होगा।

श्री देवांगन, जो एम.कॉम में राज्य शासन के विश्वविद्यालय प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्डमेडलिस्ट रह चुके हैं, ने भिलाई में अपने उत्कृष्ट कार्यकाल के बाद थानखम्हरिया में अपनी सेवाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा, स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी रूप से लागू करना मेरी पहली प्राथमिकता है। वार्डों की सफाई, लंबित कार्यों का निपटारा और नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### विकास और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन

श्री देवांगन ने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और नगर पंचायत को



राजस्व वसूली में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने नगरवासियों से अपील की, आप सभी के सहयोग से हम थानखम्हरिया को आदर्श नगर बनाएंगे। यह एक टीम वर्क है, और हम हर नागरिक की भागीदारी की अपेक्षा रखते हैं।

### धर्म नगरी को स्वच्छता में अग्रणी बनाने का लक्ष्य

थानखम्हरिया, जिसे धर्म नगरी के रूप में जाना जाता है, को स्वच्छता और विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का वादा करते हुए श्री देवांगन ने नगरवासियों को एक स्वच्छ, हरित और सशक्त थानखम्हरिया का सपना दिखाया। उनके आगमन से नगर में उत्साह और नई उम्मीदें जाग उठी हैं।

### नागरिकों का स्वागत और समर्थन

नगरवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री देवांगन ने कहा कि वे हर संभव प्रयास करेंगे कि किसी को शिकायत का मौका न मिले। उनकी योजनाओं और नेतृत्व क्षमता से नगरवासियों में विकास की नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

### भविष्य की दिशा की उम्मीद

स्वच्छता, विकास और जनहित के कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध, सीएमओ यशवंत देवांगन ने थानखम्हरिया में अपने कार्यकाल का शुभारंभ एक प्रेरणादायक दृष्टिकोण के साथ किया है। नगर के नागरिकों को उम्मीद है कि उनका नेतृत्व थानखम्हरिया को एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित करेगा।

# सरगुजा जिले के अंतर्गत लखनपुर तालाब में मोटरसाइकिल सहित युवक की मिली लाश क्षेत्र में फैली सनसनी



ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** सरगुजा जिले के लखनपुर क्षेत्र के एक तालाब में मोटरसाइकिल सहित एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, दरअसल आज लखनपुर पुलिस थाना क्षेत्र के देव तालाब में एक व्यक्ति का शव मिलनी की सूचना प्राप्त हुई, सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची लखनपुर पुलिस ने तालाब से एक मोटरसाइकिल बरामद कर शव को बाहर निकाला और आगे की जांच सुरु की, पुलिस ने मृतक की सिनाख्त अंबिकापुर के पर्राडांड निवासी शोयब खान के रूप में की है, और मृतक के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, इधर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लखनपुर नगर में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था, आशंका जताई जा रही है की मोटरसाइकिल सवार मृतक अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गया था और डूबने से उसकी मौत हो गई है, फिलहाल लखनपुर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, और मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी है

# अवैध महुआ शराब बिक्री के मामले में सरगुजा पुलिस की लगातार कार्यवाही, आरोपी के कब्जे से 23 लीटर महुआ शराब जप्त

### थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** अवैध महुआ शराब की खरीद बिक्री मे शामिल संदेहियो/आरोपियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सख्ती से कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम में कल दिनांक कों थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया हैं, थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02/01/25 कों दौरान पेट्रोलिंग मुखबीर सूचना मिला कि नमनाकला गांधीनगर निवासी तिलक यादव अपने कब्जे मे भारी मात्रा मे अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने के लिए टाउन अम्बिकापुर हरकेवल दास मंदिर रोड़ मे जा रहा हैं।




सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल हरकेवल दास मंदिर नमनाकला पहुंचकर देखा गया जो मौके पर मुखबीर द्वारा बताये हुलिया के अनुसार एक व्यक्ति अपने हाथ मे बड़ा झोला लेकर आटा हुआ दिखाई दिया, उक्त संदेही की घेराबंदी कर पकड़कर

**आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कर की गई अग्रिम वैधानिक कार्यवाही**

पूछताछ किया गया जो संदेही द्वारा अपना नाम तिलक यादव उम्र 38 वर्ष साकिन पशुपतिपुर बसंतपुर बलरामपुर हाल मुकाम नमनाकला थाना गांधीनगर का होना बताया, आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक झोला मे 2-2 लीटर का कुल 10 प्लास्टिक का पन्नी पाउच , 2 लीटर का 01 बोतल एवं 01 लीटर का 01 बोतल कुल 23 लीटर महुआ शराब कुल किमती 4600/- रुपयें बरामद किया गया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना गांधीनगर के अपराध क्रमांक 04/25धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी कों गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक नवल कुशोर दुबे, आरक्षक अजय मिश्रा, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

# वीर नारायण सिंह ने देश भक्ति की भावना का संचार किया - शिवरतन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर के जय स्तम्भ चैक में अमर शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी गोंड समाज मॉवली महासभा सिंगारपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुये समाज के लोगो को संबोधित करते हुये शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने जहां गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वहीं उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि आज हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि



हम जियें तो देश के लिए और मरे तो भी देश के लिये। शहीद वीरनारायण सिंह ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। आज भी देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीरनारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति की भावना का संचार किया। सन 1856-57 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। शिवरतन शर्मा ने समाज के लोगो से कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि जागरूकता से होती है, आदिवासी समाज अपनी श्रेष्ठ संस्कृति और उत्कृष्ट परम्परा से पहचानी जाती है। इस समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नही देश को भी गौरवान्वित किया है। आदिवासी समाज तथा इस समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने राजसिंहासन त्यागकर देशहित में अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों को नया संदेश दिया है। उक्त अवसर पर बंशीलाल नेताम, आशीष जायसवाल, टेकसिंह ध्रुव, तीजराम ध्रुव, पुसउराम ध्रुव, दौलत कुंजाम, कृपा राम ध्रुव, संतोष ध्रुव, अमर मंडावी, नरेश ध्रुव, रिखीराम पोर्ते व सरिता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# अटल जी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस अटल जयंती समारोह कार्यक्रम का वर्चुअल प्रदर्शन नगर भवन में आयोजित हुआ। जिसमे वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित थे। नगर भवन के इस आयोजन में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुये। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने स्व. अटल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की वर्चुअल कार्यक्रम के उपरांत शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अटल ने भारत वर्ष के लिए जिस सुशासन की परिकल्पना की थी उस परिकल्पना को साकार करने के लिये उपस्थित हम सभी लोगों ने अपना योगदान सुनिश्चित करने हेतु आज संकल्प लेना चाहिये शिवरतन शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक मजबूत सुशासन के पक्षधर थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सुशासन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये। शर्मा ने कहा कि अटल ने कई दशक पहले कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा उनकी बात आज सही साबित हो गई और देश में खिला कमल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को प्रगति की राह पर आगे लेकर जा रहा है उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी ने सबको साथ लेकर चलना सिखाया। वो तुष्टिकरण की राजनीति के विरोधी थे उन्होंने कहा था कि विकास सबका होना चाहिए अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को लेकर शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि पूरे विश्व में पहचान बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। इस दिवस को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन का मतलब है अच्छा शासन हो और अच्छा प्रशासन हो जनता को जन सुविधा




मिले हम अटल को याद करते हैं सर्व शिक्षा अभियान किसी ने लागू किया तो अटल बिहारी वाजपेयी ने लागू किया है प्रधानमंत्री रोजगार योजना किसी ने लागू की है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है ग्राम सड़क योजना किसने लागू की है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है। अगर देश में गोल्डन कॉरिडोर की सड़क बना शुरू हुई है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है अटल के नेतृत्व में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था जिसके बाद पूरी दुनिया ने भारत पर अनेकों प्रतिबंध लगाए थे। लेकिन अटल ने सबका डट कर सामना किया था। पूरे विश्व में ताकत दिखाने का काम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, योगेश अंनत, आशीष जायसवाल, व्यास यदु, महाबल बघेल, आशीष पुरोहित, नंदकिशोर अग्रवाल, उमा शंकर वर्मा, अजित निषाद, रवि पांडे, नीरा साहू, आयशा खान, मधु सोनी, सुखदेव यदु, मनीराम साहू, सीएमओ जफर खान सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री लक्ष्मी राधा देवी सिंघानिया चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का सफल समापन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** श्री लक्ष्मी राधा देवी सिंघानिया चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय विशाल एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का समापन आज अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री गोपाल कागलीवाल, श्री विनोद शर्मा, श्री रविंद्र बिंदल एवं श्री सुरेंद्र सिंघानिया द्वारा दीप प्रज्वलन और महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।



### शिविर में 235 लाभार्थियों को मिला उपचार

एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन और चुंबकीय तकनीकों का उपयोग करते हुए, शिविर में 6 दिनों के दौरान 235 लोगों ने अपने स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पाया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अनिल सिंघानिया ने डॉ. सी. आर. चौधरी और उनकी टीम को उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन हर वर्ष किया जाना चाहिए।

### एक्यूप्रेशर: प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति

डॉ. चौधरी ने एक्यूप्रेशर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति है, जिसमें शरीर के विभिन्न अंगों से संबंधित बिंदुओं पर दबाव डालकर रोगों का उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि लोग अपनी दिनचर्या में 15-20 मिनट का समय निकालकर नियमित रूप से एक्यूप्रेशर करें, तो वे एलोपैथिक दवाइयों से बच सकते हैं और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

### स्वास्थ्य जागरूकता की अनोखी पहल

मुख्य अतिथियों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के चिकित्सा शिविर न केवल स्वास्थ्य जागरूकता फैलाते हैं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में भी सहायक होते हैं। समापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद विजय शर्मा, निधि देवांगन, भागचंद अग्रवाल, गिरधर कागलीवाल, राजेंद्र बिंदल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रामानुज शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सिंघानिया परिवार का आभार

एक्यूप्रेशर टीम ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सिंघानिया परिवार को धन्यवाद दिया। शिविर की सफलता ने समाज में एक नई ऊर्जा का संचार किया है और इसे आने वाले वर्षों में और बड़े पैमाने पर आयोजित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है।



# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना यूनिट बस में 90 लोगों ने कराया परीक्षण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर पंचायत राज्य सरकार की महत्वकांक्षीय योजना शहरी व नगर को काफी लंबे समय से मिल रहा है।




जरूरतमंद व गरीब तत्व, सामान्य वर्ग के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध का लाभ मिल रहा है। सप्ताह में दो दिन अपनी सेवा दे रहे हैं। समय सुबह 8ः00 बजे से 3ः00 बजे तक जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध रहती है।

लोगों के द्वार तक पहुंचने, वाली मोबाइल मेडिकल बस यूनिट पूरा अस्पताल की तरह सुविधा उपलब्ध है। जिसमें डॉक्टर , मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। इसके अलावा मरीजों को निश्शुल्क परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जिस जांच के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई में 5 से 10000 खर्च करना पड़ता था । जिसकी बचत हो रही हैं । सरकार की योजना से जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल रहा है। और निशुल्क में जांच और परीक्षण डॉक्टर के द्वारा किया जाता है। लेकिन विगत एक माह से बीपी , शुगर की दवाइयां उपलब्ध नहीं होने के कारण जरूरतमंदों को अधिक कीमत पर दुकान से लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस विषय पर प्रतिनिधि द्वारा स्वास्थ विभाग के अधिकारी विनय शर्मा ने चर्चा के द्वारा बताया । इसकी आपूर्ति के लिए कंपनी को जानकारी दे दी गई है। बहुत ही जल्द उपलब्ध करा दिया जाएगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट डॉ. संदीप कुमार, फार्मासिस्ट भुवन साहू, लेबटेकिनिशियन विजय साहू, चंद्रकिरण, जितेंद्र जायसवाल अपने सेवा दे रहे है।




# जे.पी.सीमेंट को 7 करोड़ 82 लाख संपत्तिकर जमा नहीं करने पर कुर्की वारंट जारी

जिला ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**भिलाईनगर।** जे.पी.सीमेंट लिमिटेड सेक्टर 04 द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 7 करोड़ 82 लाख नहीं जमा करने के कारण नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 174 की उपधारा 1 के अधीन मांग पत्र जारी किया गया था। जिसमें 30 दिनो के भीतर संपत्तिकर जमा करना था। संबंधित संस्था द्वारा समय अवधि में संपत्तिकर नहीं जमा करने के कारण अधिनियम की धारा 175 के अंतर्गत पुनः नोटिस दिया गया। प्रबंधक जे.पी.सीमेट लिमिटेड सेक्टर 04 भिलाई के चल संपत्ति को अधिग्रहण करते हुए कुर्की वारंट धारा 178 के अधीन जारी किया गया।



उक्त अधिनियम की धारा 177 के अधीन रहते हुए वारंट में निर्दिष्ट अधिग्रहण करने की दृष्टि से सूर्यादय एवं सूर्यास्त के बीच किसी भी समय भवन के बाहरी या भीतरी दरवाजे या खिड़खी को तोड़कर जोन के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम को अधिकृत किया गया। अंतिम चेतावनी जे.पी.सीमेंट को दिया गया है कि 14.01.2025 के पूर्व निगम की संपत्तिकर की बकाया राशि जमा कर देवें। अन्यथा नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। कुर्की वारंट के लिए प्रहलाद लहरे, दुर्योधन साहू, गणित बघेल, भूषण सागर आदि पहुंचकर तामिल करवाने का कार्य किये। सनद रहे कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में जो भी व्यक्ति संपत्तिकर एवं अन्य कर नियमानुसार जमा नहीं कर रहे है। उन्हे नोटिस दी जा रही है, जिससे समय अवधि में अपना संपत्तिकर या अन्य कर जमा कर दें। निर्धारित समय देने के पश्चात देय राशि नहीं जमा करने वालो पर कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी पूरा जिम्मेदारी संबंधित करदाता की होगी। आयुक्त द्वारा सभी को समय अवधि में निगम की देय राशि जमा करने का अनुरोध किया गया है।

# साजा के महेश्वरी भवन में एक्यूप्रेशर चुंबकीय शिविर का सफल आयोजन, 92 लोगों ने कराया पंजीयन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** महेश्वरी भवन साजा में आयोजित एक्यूप्रेशर चुंबकीय चिकित्सा शिविर नगरवासियों के लिए स्वास्थ्य लाभ का उत्कृष्ट अवसर साबित हो रहा है। दो दिवस मे ही इस शिविर में अब तक 92 लोगों ने पंजीयन कराकर सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में न केवल माहेश्वरी समाज बल्कि अन्य समाजों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस आयोजन की नगरवासियों ने जमकर सराहना की। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा दी गई चिकित्सा सेवाओं से कई लोगों को त्वरित राहत मिली। एक्यूप्रेशर और चुंबकीय चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार किया जा रहा है, जिससे लोगों में उत्साह और भरोसा बढ़ा है। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को सभी वर्गों तक पहुँचाने का प्रयास है। शिविर में आए लोगों ने इसे समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और इसके आयोजकों को धन्यवाद दिया। नगर के अन्य सहयोगियों के इस प्रयास को नगरवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। शिविर के सफल आयोजन से नगर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण चांडक, अनिल सिंघानिया जैसे प्रमुख नागरिकों ने निरीक्षण के लिए सम्मिलित हुए।

अनिल सिंघानिया ने महेश्वरी भवन पहुंचकर डॉक्टर से मुलाकात की मरीज का हाल-चाल जाना साथ ही सभी समाज को सफल आयोजन के लिए साधुवाद और धन्यवाद ज्ञापित किये।

## थान-खम्हरिया में अब मिलेगी स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर और आसपास की महिलाओं के लिए एक बड़ी सुविधा शुरू हो रही है। गोराज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कवर्धा की नई डायरेक्टर और प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि सिंह ठाकुर अब थान-खम्हरिया में नियमित सेवाएं प्रदान करेंगी। डॉ. रश्मि सिंह ठाकुर, जो स्त्री, प्रसूति और बाँझपन रोग विशेषज्ञ हैं, 1 जनवरी 2025 से प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक महिलाओं के विभिन्न गंभीर रोगों का इलाज एवं परामर्श देंगी।

**सेवा का स्थान:**

अंश पाली क्लीनिक, TVS शोरूम के सामने, थान-खम्हरिया, जिला बेमेतरा (छ.ग.)। यह सुविधा विशेष रूप से महिलाओं के लिए उपयोगी होगी, जिनकी समस्याओं का समाधान उनके क्षेत्र में ही संभव हो सकेगा। डॉ. रश्मि महिलाओं से जुड़े विभिन्न रोगों के इलाज के लिए अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ मदद करेंगी।क्षेत्र की महिलाएं इस नई सुविधा का लाभ उठाएं और किसी भी समस्या के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लें।

## साजा विधायक ईश्वर साहू के जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू का जन्मदिन इस वर्ष भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक, और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, वरिष्ठ नेता अनिल सिंघानिया, थानखम्हरिया मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, जगदीश वैष्णव, हेमंत साहू, युवराज साहू, रामावतार सिंह राजपूत, पुरण कश्यप, राजेश ठाकुर, राहुल छाबड़ा, गोवर्धन पटेल, दुखित साहू, पुन्नी तोरण यादव, और योगराज साहू सहित हजारों लोगों ने विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन साजा क्षेत्र में हुआ, जहां शुभचिंतकों का जनसैलाब विधायक के प्रति उनकी लोकप्रियता और सादगी को दर्शा रहा था। उपस्थित सभी लोगों ने विधायक के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।इस अवसर पर वक्ताओं ने विधायक ईश्वर साहू के क्षेत्रीय विकास में योगदान और उनकी जनसेवा के प्रति निष्ठा की सराहना की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, समाजसेवा के कार्य, और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा भी की गई। विधायक ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समर्थन और प्रेम उन्हें जनता की सेवा के लिए और अधिक प्रेरित करता है।

## क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रख तिपहिया व चौपहिया वाहनों का भौतिक सत्यापन जरूरी



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे लगातार विभिन्न मार्गो पर बढ रहीं सड़क दुर्घटना को मददेनजर रखते हुये पुलिस प्रशासन को सभी मार्गो पर चलने वाली तिपहिया व चैपहिया वाहन सवारी बस, स्कूल बस एवं स्कूल वैन के चालको के वाहन के साथ साथ चालक परिचालको को स्वास्थ्य परीक्षण व नेत्र परीक्षण कराने की दिशा मे ठोस कदम उठाना चाहिये इसके लिये पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर बढ रहीं सड़क दुर्घटना पर रोकथाम लगाने की दिशा मे सार्थक प्रयास करना चाहिये ताकि सड़क पर कोई भी लापरवाही पूर्वक वाहन न दौड़ा सके क्योकि नगर व क्षेत्र मे इन दिनो सैकडो की संख्या मे तिपहिया चैपहिया वाहन माल वाहक व ट्रेक्टर सहित अन्य वाहन तथा स्कूल बस यात्री बस दौड़ रहीं है जिसका भौतिक सत्यापन करने प्रयास जरूरी है क्योकि अधिकांश वाहन चालको के पास वैध लायसेंस नहीं है वहीं अनेक वाहन व वाहन चालको के पास यात्री ढोने के परमिट भी नहीं है वहीं प्रदूषण प्रमाण पत्र भी नहीं है साथ हीं तमाम तिपहिया चैपहिया वाहन चालको के पास उनके वाहन मे फर्स्ट एड बाक्स, फायर सिस्टम, स्पीड गर्वनर भी नहीं लगा है इन सबके अलावा अनेक वाहन चालक परिचालक नशे की हालत मे वाहन चला रहे है जो दुर्घटना का मुख्य कारण बनता है वहीं अनेक चालक परिचालक स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण भी नहीं करा रहे है यह कारण भी दुर्घटना की मुख्य वजह है उपरोक्त तमाम बिन्दुओं पर कार्यवाही एवं रोक आवश्यक है।

# रूठा बच्चा (कहानी)

'ऐसा करते हैं, पहले खा -पी कर फ्री हो लेते हैं।'

विशू ने कहा, तो कृति की दृष्टि प्रश्नवाचक हो गई।

विशू त्योहारों को ले कर विशेष उत्साहित रहा करते थे विशू...यानी विशम्भर प्रसाद। विशम्भर और कृति को इस टाउननशिप में आए करीब आठ साल हो गए थे।यहाँ की चकाचक सड़कें,सड़क के दोनों तरफ पेड़ .दिन में तीन बार नल में पानी और बिना कटौती बिजली वह भी मुफ्त.....और क्या चाहिए एक खुशहाल ज़िंदगी के लिए!

आज महाशिवरात्रि थी।कृति ने सब जानते हुए भी प्रश्न विशू की तरफ उछाल ही दिया,

'व्रत नहीं रखोगे?'

'देखो ,ऐसा है जो लोग शंकर जी की तरफ से हैं वे बाराती हुए सो खूब खाएंगे-पिएंगे रात को विवाह में नाचेंगे-गाएँगे, मतलब फुल मस्ती....और जो लोग पार्वती जी की तरफ से हैं, वे कन्या पक्ष के हुए, सो उन्हें कन्यादान तक भूखा रहना चाहिए।और तुम तो जानती ही हो कि....%'

'हाँ हम तो जानते ही हैं कि आप वर पक्ष से हैं...तो आप व्रत नहीं रखेंगे और रतजगा कर शिव-पार्वती विवाह में शामिल होंगे. जैसे कि गांव में होते थे।' कृति ने आगे जोड़ा।

'हाँ बिल्कुल सही पकड़ी हैं आप।'

इसके साथ ही दोनों की हँसी अगरबत्ती के धुएं के साथ पूरे घर मे फैल गई।

सुबह-सुबह जल्दी उठ कर पति-प ी दोनों मंदिर हो आए थे। फूल-बेलपत्र-जल आदि से भगवान शिव का अभिषेक किया, फिर घर आ कर चाय पी. विशू का इरादा वह जान चुकी थी इसलिए नाश्ता बनाने रसोई की तरफ चल दी।धीमी आंच पर मूँगफली सेंकते हुए वह इस बात को महसूस कर रही थी कि त्योहारों पर विशू को गांव की याद ज़रूर आती है और गांव को याद करते हुए उसकी आँखों में विशेष चमक आ जाती है। चेहरे पर कुछ बाल-सुलभ कौतूहल और उत्साह का मिलाजुला असर दिखने लगता है...। हाँ गांव में ही मारन- पिटटो खेल कर धूल में लिथुरने,पेड़ों पर चढ़ कर अमरूद तोड़ने और शंकर जी के विवाह में रात -रात भर मंदिर में रहने वाले विशू को गांव कैसे भूल सकता था? टाउनशिप में रहने आए वी पी शुक्ल उर्फ विशम्भर प्रसाद शुक्ल का आज का 'वैल मेंटेन'लाइफस्टाइल एक इस्त्री किये कोट जैसा ही तो था जिसके भीतर विशू की.... हाड़मांस के असल विशू की.... काया आत्मा सहित निवासरत थी।

यहाँ आकर भी दीपावली पर,घर मे लक्ष्मी पूजा से पहले , मंदिर जाकर पटाखे फोड़ना,होली पर सुबह-सुबह ठाकुर जी के लिए रंग-बिरंगे गुलाल की पुड़ियां बनाना और फिर उन्हें ले कर मंदिर जाना, ये सब साल दर साल चलता रहा। अपना गाँव विशू के भीतर ही आबाद था, फिर भले ही घर वाले ताना दें कि विशू तो शहरी हो गया यूँ अपनी ओर से अपने संस्कारों को जी रहा था विशू लेकिन उत्सवधर्मिता एकाकी नहीं हो सकती.इसके लिए तो संगी-साथी और समाज की सि यता चाहिए...लोगों में मिलजुल कर निश्छल भाव से एक दूसरे के अभिनन्दन की इच्छा चाहिए.......!बेचारा विशू अकेला क्या करता!

शाम हुई तो एक चक्क र कॉलोनी की सड़कों पर घूम आया। वही चकाचक सड़कें. सड़क के दोनों तरफ पेड़. कहीं भी धूल-धक्क ड़,कंकड़-पत्थर का नाम नहीं. सब कुछ शानदार...

मगर....

फिर भी ...!

विशू को कुछ अच्छा नहीं लग रहा था,उसे लग रहा था वो एक छोटा बच्चा है जिसके हाथ मे झुनझुना है जो दिखता तो सुंदर है लेकिन हिलाने पर बेआवाज़ क्योंकि बनाने वाला उसमें छर्रे डालना भूल गया....उसके मानस- पटल पर किशोरवय में बिताए तीज-त्योहारों की स्मृतियों के कंकड़ बिखरे पड़े थे जिनसे बच कर वह निकल नहीं पा रहा था। घर में घुसते ही उसे कृति की आवाज़ सुनाई दी,

'चलो व्रत में न सही,साबूदाना की खिचड़ी खाने में तो तुम मेरा हाथ बंटा ही सकते हो, जल्दी से हाथ धो कर आ जाओ।'

न चाहते हुए भी एक खीझ भरी प्रति या विशू ने दे ही दी,' जल्दी किस बात की,मुझे थोड़ा रिलेक्स तो होने दो।'

प्लेट खाली होते-होते उसे कुछ याद आया, 'मेरे लिए कुछ और मत बनाना।'

सुन कर कृति को मज़ाक सूझा,'क्यों पाला बदल लिया क्या? सुबह से वर पक्ष में थे अब कन्या पक्ष में पहुंच गए। 'कृति ऐसे अवसरों पर चुटकी लेना नहीं भूलती थी.

बेचारा विशू कृति की मसखरी पर हँस भी नहीं सका। उसने सिर्फ इतना कहा कि कृति नौ बजते-बजते तैयार हो जाए वे दोनों मंदिर जाएंगे।

'क्यों...?'

'शंकर-पार्वती जी का विवाह देखने चलेंगे। कुछ गान तान भी होगा।अकेले घर बैठ कर तो क्या भजन कीर्तन होगा।'

...कहते हुए विशू की हालत उस बच्चे जैसी थी जिसे बहुत खोजने पर खोया हुआ खिलौना मिल गया हो।

कृति ने कुछ नहीं कहा। गम्भीर होने की अब उसकी बारी थी। वह जान रही थी कि बच्चे को खिलौना मिला नहीं बल्कि मिलने का भ्रम हुआ है।

'देखो,मैंने दिन भर में खाया है।अब आलस आ रहा है. ऐसा करना मंदिर जा कर शिव-पार्वती जी का विवाहोत्सव तुम अकेले ही देख आना, प्लीज़।'

लगभग साढ़े नौ बजे विशम्भर प्रसाद तैयार हुए और जाते-जाते ताकीद कर गए, 'मैं बाहर से लॉक करके जा रहा हूं। लौटने में बारह-एक बजेंगे. तुम्हारी नींद खराब न हो......मैंने चाबी रख ली है।'

मंदिर से भजन-गीत-संगीत की ध्वनियां घर तक पहुंच रहीं थीं जिन्हें कृति ने भी सुना। कार्य म शुरू हो गया होगा, ऐसा सोच कर विशू जल्दी में स्कूटी ले कर चल दिया।

कृति लाइट ऑफ करके सोने की कोशिश कर ही रही थी कि तभी उसे स्कूटी आने और दरवाजा खुलने की आवाज़ ने हैरान कर दिया.....कुछ समझ पाती तब तक विशू ने कमरे में प्रवेश किया।

'इतने जल्दी !', न चाहते हुए भी कृति के मुँह से निकल गया, लेकिन विशू ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। जो हल्की सी रोशनी बाहर से आ रही थी उसी में गुजारा करते हुए विशू बिस्तर तक पहुंच गया। 'क्या हुआ शंकर-पार्वती जी के विवाह का।'

विशू चुप।

कृति समझ गई अब कुछ नहीं पूछना चाहिए।

कृति ने लेटते हुए फिर एक बार विशू की तरफ देखा. अब विशू ने रूठे हुए बच्चे की तरह अपना मुँह ब्लेंकेट से ढक लिया।

सुबह जब दोनों के हाथ मे अपनी -अपनी चाय थी ...! 'बताया नहीं रात मंदिर में क्या हुआ?'

'कुछ नहीं'

'मतलब..!वो ढोल-ढमाके ,गीत-संगीत, हो हल्ला ....... बहुत भीड़ हो गई थी क्या?'

अब विशू को बोलना ही पड़ा, 'ऐसा वहां कुछ भी नहीं था, फुल वॉल्यूम पर संगीत बज रहा था...पुजारी जी शाल ओढ़े बैठे थे।'

'लोग नहीं थे'

थे। इक्के-दुक्के.....मेरे जैसे'

'ओह'

कृति को तरस आ गया।

'फिर'

'फिर क्या......मैं उल्टे पाँव वापस आ गया...लेकिन'

'लेकिन क्या?'

'बाहर आ कर देखा तो चप्पल गायब।'

'किसी और की पहन कर आ जाते।'

'ये काम मैं नहीं करता।'

'तो क्या रात को तुम नंगे पाँव ही चले आए?'

कृति को हँसी आ रही थी मगर उसे याद था किसी की मुसीबत पर हँसना नहीं चाहिए......खास कर जब वो बच्चा हो......विशू जैसा बड़ा बच्चा।

'हूँ' विशू ने कहते हुए मुंडी हिला दी।

'चलो अच्छा है ,कुछ तो हुआ उत्सव जैसा।'

दोनों का ठहाका चाय की भाप संग हवा में घुल गया। कृति ने राहत की सांस ली। रूठा बच्चा अब मान गया था।



**अनीता श्रीवास्तव**
**टीकमगढ़, मध्यप्रदेश**

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव आगे खिसकने की अटकल तेज

## पंचायत चुनाव टालने पर मतदान प्रतिशत कम हो सकता है कारण पलायन



**भाटापारा।** क्षेत्र मे नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव एक साथ कराये जाने की अटकलो के बीच अब तक चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं होने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनो चुनाव कुछ महीने आगे खिसक सकता है इस बीच यदि पंचायत चुनाव अपने वर्तमान निर्धारित समय के अनुसार न होकर आगे कुछ महीनो के लिये बढता है तो इसका सीधा असर पंचायत चुनाव मे इसलिये पडेगा क्योकि ग्रामीण क्षेत्र के बहुत से मतदाता काम की तलाश मे अभी से गांव से बाहर दूसरे राज्यो की ओर पलायन कर रहे है और यह पलायन का सिलसिला दिसंबर जनवरी माह मे और अधिक रूप मे बढने की संभावना है इस बीच क्षेत्र मे धान फ सल एकत्र करने के पश्चात गांव गांव से हो रहे बडे पैमाने पर पलायन से पंचायत चुनाव मे मतदान का प्रतिशत प्रभावित होने के प्रबल आसार है इस हेतु शासन को अतिशीघ्र पंचायत चुनाव कराने हेतु ध्यान देकर पहल करना चाहिये वर्तमान मे प्रतिदिन हजारो मजदूर व ग्रामीण काम की तलाश मे अंतर प्रांतीय पलायन पर अहमदाबाद, सूरत, बडोदरा, भुज, गाजियाबाद, पुणे, लखनउ, उधमपुर, गोरखपुर, कानपुर, जम्मू, अयोध्या, बनारस, हैदराबाद, सिकंदराबाद, यशवंतपुर, हिसार, पानीपत, सोनीपत, दरभंगा, धनबाद, जमशेदपुर, टाटा नगर, नागपुर, जयपुर, अजमेर, लुधियाना, अमृतसर, कन्हान सहित अन्य बडे नगरो की ओर निरंतर जा रहे है। जिससे आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के पंचायत चुनाव मे असर पडने के भरपूर आसार है इसलिये शासन निर्धारित समय पर हीं नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव कराने के लिये शीघ्र निर्णय लेवें।

# सड़क किनारे अवैध कब्जे से बन रहे दुकान व मकान हटाना जरूरी

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत पालिका प्रशासन की बिना अनुमति के तथा बिना अनुज्ञा प्राप्त किये धडल्ले से लोग अवैध निर्माण कार्य कर रहे है जिसको रोकने की दिशा मे अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किये जा रहे है जिससे महत्वपूर्ण स्थल बस स्टैड, नहर, नाला, तालाब तट एवं सड़क के दोनो छोर पर अवैध कब्जे बेशुमार बढ रहे है इस वजह से सड़को की चैड़ाई भी घट रहीं है बडे पैमाने पर अवैध कब्जे हो रहे है इस मुख्य मार्ग पर कुछ लोग बेखौफ होकर आठ से दस फ ीट की दुकान रातो रात बना रहे है जो कि देखने मे हीं प्रथम दृष्टि से अवैध कब्जा प्रतीत हो रहा है इसके कारण प्रमुख मार्ग पर यातायात जहां और अधिक बाधित होगा वहीं शासकीय रिकार्ड के अनुसार सदर बाजार बस स्टैड प्रमुख मार्ग की सड़क जो लगभग 40 फ ीट चैडी है वह मात्र 20 फ ीट की रह गई है इस मार्ग पर जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति मे अवैध कब्जा हटाओ व तोड़ो अभियान प्रारंभ कर आम नागरिकों को यातायात की दृष्टि से राहत प्रदान करना जरूरी है इसके लिये प्रबुद्ध नागरिको ने जिला प्रशासन से ठोस कार्यवाही की उम्मीद की है अवैध कब्जाधारी शहर के अन्य हिस्सो मे भी सक्रिय है। कोर्ट के आदेश के अनुसार सड़क नदी नाला तालाब के कब्जो पर प्रशासन को पूरी कार्यवाही की छूट है उसके लिये नियमानुसार उन्हे नोटिस व ध्वनि प्रसार यंत्र से सूचना जारी करने के बाद यदि सड़क नदी नाला व तालाब पर अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसे ढहाने का पूर्ण अधिकार प्रशासनिक अमले को प्राप्त है।

# विभिन्न निर्माण कार्यों का शिवरतन ने किया लोकार्पण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने ग्राम मोपका मे आयोजित बाबा घासीदास जयंती समारोह एवं विकास कार्यों के लोकार्पण में शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरू घासीदास के बताएं रास्ते पर चलने और उनके उपदेशों का पालन करने की बात कही। शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि आज से लगभग 250 साल पहले छत्तीसगढ़ की धरती पर बाबा गुरु घासीदास ने जन्म लिया था। इस देश में जैसे गुरु रविदास, गुरु कबीर दास, गुरु नानक देव और भगवान बुद्ध ने अलग-अलग पंथों की स्थापना की। वैसे ही बाबा घासीदास ने सतनाम समाज की स्थापना की थी। जैसे गीता, भागवत व शिव पुराण आदि में बताया गया है कि अगर जिंदगी में सफलता पानी है तो सत्य के रास्ते पर चलना चाहिए। वैसे ही बाबा साहब ने भी सत्य के रास्ते पर चलने का उपदेश दिया था। उन्होंने सभी मनुष्य को एक समान बताते हुए एक साथ मिलजुल कर रहने को कहा था। उन्होने आगे कहा कि बाबा घासीदास ने बोला था कि गरीबों की चिंता होनी चाहिए और भाजपा सरकार उसी पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उज्जवला योजना के तहत हर गरीब परिवार को मुफ्त में गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को पक्का मकान, आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब का मुफ्त इलाज कर रही है। शर्मा द्वारा ग्राम में बने यादव पारा सामुदायिक भवन, कुर्मी पारा सामुदायिक भवन, सतनामी पारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सरपंच सीमा घनश्याम बंजारे, आजुराम वर्मा, परस यादव, रमेश नवरंगे, संतोष साहू, नरेंद्र यादव, मालती साहू व चेतन वर्मा सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# महाकुंभ के लिये रेल्वे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिये प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाये। उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे। महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी। इसी कड़ी में दक्षिण रेलवे से चलाने वाली पाँच महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, बालाघाट एवं नैनपुर होकर परिचालन किया जा रहा है महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो रायगढ़-वाराणसी, दुर्ग-वाराणसी एवं बिलासपुर-वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है । 08251᠆08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791-08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253-08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है। इन सभी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की जानकारी पहले ही दी जा चुकी है दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 08530-08529 विशाखपट्टनम-पंडित दीनदयाल उपाध्याय विशाखपट्टनम एवं 08562-08561 विशाखपट्टनम-गोरखपुर विशाखपट्टनम कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। ये गाडियाँ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़, चांपा, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। इन सभी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की जानकारी दी गयी है।

# भाटापारा रेल्वे अंडरब्रिज व ओव्हरब्रिज में गंदगी, अंधेरा व पशुओं का डेरा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के मुख्य मार्ग पर भाटापारा रेल्वे स्टेशन के अंतर्गत समपार रेल्वे फ टक मे निर्बाध गति से आवागमन हो इस बात को ध्यान मे रखकर रेल प्रशासन ने हटरी बाजार रेल्वे फ टक मे अंडरब्रिज का निर्माण किया था साथ हीं टेंहका रेल्वे फ टक पर रेल्वे ओव्हरब्रिज एवं अंडरब्रिज दोनो का निर्माण किया है लेकिन उपरोक्त दोनो अंडरब्रिज एवं रेल्वे ओव्हर ब्रिज मे इन दिनो धूल, कचरा, गंदगी के साथ साथ टेंहका अंडरब्रिज के भीतर आवारा मवेशियों का जमावड़ा होने से लोग हलाकान है खासकर टेंहका रेल्वे अंडरब्रिज के रास्ते आने जाने वाले दुपहिया वाहन चालको को परेशानी से जूझना पड़ रहा है क्योकि दर्जनो की संख्या मे वहां पर भैंस, भैंसा, गाय, बैल व सांड स्वच्छंद रूप से वहां विचरण करते हुये डेरा जमाये हुये है जिससे लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है कभी कभी तो वहां पर सांड लड़ाई की वजह से लोगों को वाहन समेत गिरकर चोटिल होना पड़ा है वहीं ओव्हरब्रिज मे धूल की मोटी परत एक लंबे समय से जम हाने से लोग खासकर दुपहिया वाहन चालक स्लीप होकर वहां पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है एक अरसे से ओव्हरब्रिज की साफ सफ ाई नहीं किये जाने से लोगों को परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। फ टक अंडरब्रिज एवं रेल्वे ओव्हर ब्रिज की साफ सफ ाई करते हुये वहां पर समुचित प्रकाश व्यवस्था किये जाने के साथ साथ मवेशियों के जमावड़े को खत्म किये जाने की भी जरूरत है साथ हीं हटरी बाजार के रेल्वे अंडरब्रिज को पूर्ण किये जाने की भी दिशा मे प्रयास करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस विभाग में भर्ती के लिये युवा कर रहे हैं तैयारी



**भाटापारा।** पुलिस विभाग में भर्ती के लिये निर्धारित मापदंड 100 मीटर 800 मीटर गोला फेक का अभ्यास करते देखे जा रहे हैं इन युवाओं में विनय अचल, रजनी मिरी, रंजीता धृतलहरे , कमलेश श्रीवास स्वधा ठाकुर हिना कुर्रे योगिता टंडन, जागृति बर्मन आदि ने एक भेट में बताया कि हमारा अभ्यास के दौरान हमारा प्रयास रहता है कि हम प्रदेश सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंड में खरे उतरे और इसीलिए हम सुबह-शाम अभ्यास कर रहे हैं और जिस तरह से पिछली सरकारों में भ्रष्ट नियुक्तियों को निरस्त किया है और हमारे दिलों में भी यह भावना घर कर रही है कि कि निर्धारित मापदंड में अगर हम खरे उतरते हैं तो चयन प्रक्रिया में हमारी आर्थिक स्थिति बाधा नहीं होगी और चयनित होकर देश की सेवा में लगेंगे।

### आईटीआई में विविध कार्यक्रम किये गये




**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ शासन के सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालनालय के निर्देशानुसार शासकीय आईटीआई में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सुशासन पर वाद-विवाद संगोष्ठी, नाटक, गीत, कविता एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्रभारी प्राचार्य एस.एल. वर्मा प्रशिक्षण अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं विपेन्द्र सिंह राज के संयोजन एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में समस्त प्रशिणार्थियों को अवगत कराते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया गया।

# भाटापारा पालिका के अंतिम कार्यकाल में विभिन्न प्रस्ताव पर बैठक हुई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका के आगामी चुनाव के पूर्व वर्तमान निर्वाचित पालिकाध्यक्ष के कार्यकाल के अंतिम समय मे सोमवार को परिषद की विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमे पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता के अलावा तमाम पार्षद उपस्थित हुये परिषद की बैठक मे करोड़ो रूपये की विकास कार्यो की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव के प्रति आभार प्रकट किया गया। बैठक मे जल विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई वहीं नगर मे सफ ाई एवं विद्युत व्यवस्था के संबंध मे भी चर्चा करते हुये उक्त दोनो व्यवस्था को सुदृढ करने पर जोर दिया गया। बैठक मे पार्षद निधि के मद से विभिन्न कार्य कराये जाने सामाग्री खरीदने के संबंध मे भी विचार विमर्श करते हुये निर्णय लिया गया बैठक के दौरान अध्यक्ष निधि मद के कार्यो के क्रय के संबंध मे भी चर्चा की गई। 14 वे वित्त आयोग के मद से प्राप्त राशि के कार्यो व विभिन्न सामानो के खरीदी पर भी बैठक मे चर्चा की गई। इसके अलावा 15 वे वित्त आयोग मद के कार्य एवं सामाग्री खरीदी के संबंध मे भी उपस्थित पदाधिकारी व पार्षदों ने चर्चा मे भाग लिया। बैठक मे जेम पोर्टल के माध्यम से सामाग्री खरीदने के संबंध मे सहमति बनी जेम पोर्टल के माध्यम से एलम एवं ब्लीचिंग पाउडर तथा अन्य सामाग्री खरीदी की स्वीकृति पर सहमति प्रदान की गई। टोहडी घाट इंटेकवेल फि ल्टर प्लांट मे थ्री फे श कंट्रोल मेन स्वीच 02 सेट 400 एम्पीयर लगाये जाने के अलावा विद्युत लाईन सुधार कार्य किये जाने के अतिरिक्त स्थापना कार्य की स्वीकृति बाबत चर्चा की गई। जल विभाग अंतर्गत पानी टंकी की सफ ाई कराने हेतु प्राप्त न्यूनतम निविदा दर के स्वीकृति के संबंध मे भी निर्णय लिया गया, 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से मनाये जाने का भी प्रस्ताव पास किया गया, पालिका मे स्वच्छता कमांडो रखे जाने हेतु निविदा आमंत्रित करने एवं समय वृद्धि के संबंध मे भी विचार रखे गये राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत पर भी चर्चा की गई वहीं नगर पालिका मे कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने के संबंध मे भी चर्चा हुई।

## सर्व ब्राम्हण महिला मंडल द्वारा आनंद मेला का आयोजन

**भाटापारा।** आदि गौड ब्राम्हण समाज, लालसोट ब्राम्हण समाज तथा विप्र फ उंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर समाज की ओर से आनंद मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। रेल्वे स्टेशन के समीप स्थित कुंदन भवन मे आयोजित उपरोक्त बैठक मे निर्णय लिया गया है कि सन 2025 के 15 जनवरी को पुराना गंज रामलीला मैदान सभा स्थल मे दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आनंद मेला का आयोजन किया जायेगा। बैठक मे सर्व सम्मति से यह तय किया गया कि वहां पर



लगाये जाने वाले स्टॉल का निर्धारित मूल्य 700 रूपये प्रति स्टाल किया जावे जिस पर उपस्थित लोगों ने सहमति प्रदान की उक्ताशय की जानकारी लक्ष्मी पांडे ने देते हुये कहा कि उपरोक्त आयोजन सभी ब्राम्हण वर्ग के इकाईयों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है उक्त बैठक मे बबीता भृगु, नीतू भृगु, उषा भृगु, सुशीला तिवारी, लता शर्मा, उमा शर्मा, शिवानी शर्मा, मंजू शर्मा, वंदना शर्मा, मीता शर्मा, पुष्पा शर्मा, सुनीता शर्मा, ज्योति शर्मा, सुलेखा शर्मा, चंन्द्रकिरण शर्मा, उमा पटाक, बेला सेवाका, मोहिनी चैबे, स्नेहल ओझा, उमा पांडे, आशा सेवाका, विशाखा जोशी, शशि पांडे, किरण जोशी व रेखा पटाक के अलावा लक्ष्मी पांडे सहित बडी संख्या मे अन्य महिलायें उपस्थित थी।

### संक्षिप्त समाचार

## सुंदरकांड समिति द्वारा 24 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**भाटापारा।** संगीतमय सुंदरकांड समिति के द्वारा अनवरत मंगलवार को हनुमान की कृपा से आसपास के क्षेत्रो में भक्तों व श्रद्धालुओं के निमंत्रण पर सुंदरकांड का पाठ निरन्तर 24 वर्षो से करते आ रही है जिसका 24 वां स्थापना दिवस रामनाम सप्ताह मंडप में मनाते हुये नगर के समस्त धार्मिक व सामाजिक समितियो के द्वारा हर्षोल्लास से सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक अखण्ड 108 हनुमान चालीसा पाठ किया एवं अंत मे भगवान की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। संगीतमय सुंदरकांड समिति के संस्थापक राजेश उपाध्याय ने इस अवसर पर सभी सहयोगी को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से धर्ममय परम्परा लोगो की आस्था व सहयोग प्रदान करने के लिए सभी सहयोगी के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया एवं संगीतमय सुंदरकांड समिति के स्थापना दिवस पर हनुमान चालीसा पाठ में सम्मिलित होने वाले संस्थाओ को प्रतीक चिन्ह एवं प्रसादी से सम्मानित किया गया।



## मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के 5 खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीता

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान मे सब जूनियर, कैडेट जूडो स्टेट सिलेक्शन ट्रायल भिलाई मे आयोजित हुआ जिसमे मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के 5 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुये बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन दिखाई और गोल्ड मैडल जीत कर अपने माता पिता व जिले का नाम रोशन किया विजेता खिलाड़ी आगामी होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता पुणे मे शामिल होंगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी -44 भार मे कोमल दास, 66 भार मे पी अभिषेक -40 भार मे ज्योति ध्रुव, -44 भार मे दामिन निषाद, -70 भार मे अंजलि ठाकुर, सभी खिलाड़ियों को मुख्य रूप से बधाई देते हुये मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संरक्षक भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, कैलाश बलानी, डॉ. विकास आडिल, आर के फूटान, परमानन्द सचदेव, मुरली धर राव, पीताम्बर साहू, पी. किरन, अभय केशरवानी, राहुल शर्मा, यशवंत ध्रुव, नेहा वर्मा, नेहा साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, बलराम यादव, संदीप रात्रे व लॉरेंश मशीह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।



## पटवारियों की हड़ताल से किसान परेशान

**भाटापारा।** विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश स्तरीय आव्हान पर पटवारी संघ अपनी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है पटवारियो के हड़ताल मे जाने के बाद राजस्व से संबंधित कार्य प्रभावित हो गया है तहसील कार्यालय मे भूस्वामी चक्कर लगा रहे है किसानो के रकबा सुधार से लेकर नामांतरण कार्य त्रुटि सुधार रकबा सुधार सहित बहुत सारे कार्य नहीं हो पा रहे है धान खरीदी केन्द्र मे भी संशोधन से लेकर विभिन्न कार्यो के लिये लोग परेशान है।

# कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवि हुये शामिल


ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शहर के स्थानीय मिनीमाता नगर सेंट मैरी कॉलोनी में जय सतनाम सेवा समिति द्वारा भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के सम्मान में रखे गये सम्मेलन में प्रदेश के जाने-माने कवियों ने हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में अपर कलेक्टर मिथिलेश डोण्डे, सत्यनारायण पटेल, अंतर्राष्ट्रीय रामायण पाशर्व गायक ललित सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन का संचालन शहर में ही निवासरत व्याख्याता एवं सुप्रसिद्ध कवयित्री अन्नपूर्णा पवार आहुति ने अपने ओजस्वी अंदाज में किया। प्रदेश में अपनी तरह का यह पहला कवि सम्मेलन था जिसे एक महिला कवियित्री द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में चार चांद नांदघाट से आये छत्तीसगढ़ी हास्य कवि कृष्णा भारती, रायपुर से आए इरफानुद्दीन इरफान, बिलासपुर के कवि शरद यादव ने लोगों को खूब गुदगुदाया। इस अवसर पर अध्यक्ष रूप सिंह कोशले, राजमहंत, प्रमोद गायकवाड, देवनारायण बांधे, चंद्रजी कुर्रे, विनोद गायकवाड, मुकेश चतुर्वेदी, वीरेंद्र बंजारे, कोमलचंद कोशले, खिलेश्वर पुरैना, रामेश्वर मनहर, विजय भट्ट, मुकेश सोनवानी, महेंद्र कुर्रे, विमल कुर्रे, रेशम गेंदले, ओमप्रकाश कुर्रे, देव प्रसाद बंजारे, फुल दास मारकंडे, राजा कुर्रे, साहिल, आनंद देव, समीर, लायन, भावेश, सुधीर, खिलेंद्र व राहुल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री निरंतर हवाई सेवा एवं ट्रेन सेवा के विस्तार के लिये सक्रीय रहे हैं

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**सरगुजा।** सरगुजा संभाग में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी०एस० सिंहदेव ने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को 31 दिसंबर को पत्र प्रेषित किया है। छत्तीसगढ राज्य के उत्तर में स्थित आदीवारी आबादी बहुल सरगुजा संभाग छत्तीसगढ राज्य बनने के 25 वें वर्ष में भी रेलवे सुविधा में बेहद पिछडा हुआ है। पूर्व उपमुख्यमंत्री का पत्र इस क्षेत्र में नई रेललाईन बिछाने के साथ ही रेलवे के आधारभूत सुविधाओं की स्थापना एवं नये ट्रेन को प्रारंभ किये जाने को लेकर है। पूर्व उपमुख्यमंत्री निरंतर हवाई सेवा एवं ट्रेन सेवा के विस्तार के लिये सक्रीय रहे हैं। अम्बिकापुर में हवाई सेवा के लिये पूर्व उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात एवं पत्राचार प्रत्यक्ष है जिसके फलस्वरुप अम्बिकापुर हवाई यात्री उडान के नक्शे पर उभरा है। यू०पी०ए० शासन के दौरान अम्बिकापुर-जबलपुर ट्रेन की शुरुआत उनके प्रयासों से हुई थी। क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं उन्नती के लिये वे निरंतर सक्रीय रहते है। रेलवे मंत्री को प्रेषित उनका यह पत्र इसी दिशा में एक कदम है। रेलमंत्री को प्रेषित पत्र में उन्होंने 6 ऐसे बिंदुओं पर रेलवे सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की है जिनपर अमल होने से सरगुजा संभाग के निवासियों को प्रशासकीय,व्यवसायिक, चिकित्सीय, धार्मिक आदि प्रयोजनों के लिये सफर करना आसान हो जायेगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपने पत्र के माध्यम से अम्बिकापुर में पूर्व से स्वीकृत रेलवे वाशिंग प्लांट को स्थापित करने की मांग की है।

वाशिंग प्लांट स्थापित हो जाने से अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से कई ट्रेनो की रवानगी की जा सकती है। पत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अम्बिकापुर से दुर्ग तक के लिये प्रस्तावित इंटरसिटी एक्सप्रेस को तत्काल प्रारंभ किये जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष बीत जाने के बावजूद पूरे सरगुजा संभाग के लिये प्रदेश की राजधानी रायपुर के लिये एक मात्र ट्रेन की व्यवस्था है। इसी प्रकार चिरमिरी से बिलासपुर के मध्य 35 वर्षो से एक साधारण ट्रेन चल रही है। क्षेत्र की आबादी में वृद्धी होने के कारण मौजूदा व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हो रही है। ऐसे में पूर्व में प्रस्तावित अम्बिकापुर-दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस को प्रारंभ करना जनहितकारी होगा। इसके साथ ही उन्होंने अम्बिकापुर से नागपुर के लिये नियमित रुप से द्रुतगामी एक्सप्रेस ट्रेन सुविधा को प्रारंभ किये जाने का जिक्र किया है। इस संदर्भ में उन्होंने कुछ वैकल्पिक सुझाव भी दिये हैं। इसके अनुसार मौजूदा अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन का विस्तार नागपुर तक किये जाने का सुझाव दिया है। एक अतिरिक्त रैक की व्यवस्था कर इसे प्रारंभ किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया है कि अम्बिकापुर से जबलपुर चल रही ट्रेन को गोंदिया होते हुए नागपुर तक चलाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होने यह भी सुझाव दिया है कि मौजूदा शहडोल-नागपुर ट्रेन को अम्बिकापुर से प्रारंभ कर नागपुर तक चलाया जा सकता है।

पत्र के मध्यम से पूर्व उपमुख्यमंत्री ने प्रयागराज में होने वाले महाकुँभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिये सरगुजा संभाग से सप्ताह में 2 दिन ट्रेन चलाने की मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया है कि ट्रेन इस प्रकार चलाई जाये कि प्रयागराज के साथ ही साथ वाराणसी, अयोध्या और गोरखपुर तक सफर की सुविधाएं श्रद्धालुओं को उपलब्ध हो। पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी०एस० सिंहदेव ने अगामी बजट में वर्षो से ठंडे बस्ते में पडी रेल परियोजना अम्बिकापुर- बरवाडीह एवं अम्बिकापुर रेनुकूट के लिये बजट आबंटित करने की मांग की है। रेल मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उपरोक्त रेल सुविधाएं क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

# पावरग्रिड के कर्मचारियों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी



**भाटापारा।** राजाढार मुख्य मार्ग पर स्थित पावरग्रिड 220ध्440 मे कर्मचारियों को यातायात नियमो की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा यातायात नियमो को जन सामान्य तक प्रचार प्रसार करने के लिये पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसके तहत स्थानीय यातायात पुलिस के टीआई हेमंत पटेल ने पावरग्रिड के कर्मचारियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुये बताया कि दो पहिया वाहन मे तीन सवारी बिठाकर चलाना अपने आप को खतरे मे डालना है, बिना हेलमेट वाहन चलाने से वाहन चालको की असुरक्षित यात्रा होती है इसलिये हेलमेट हर दुपहिया वाहन चालक अवश्य लगाना चाहिये, हर वाहन मे नंबर स्पष्ट लिखा होना चाहिये, शराब सेवन कर वाहन चलाने से बचना चाहिये, दुर्घटनाजन्य क्षेत्रो मे सावधानी से वाहन चलाया जाना चाहिये, सजगता के साथ संकेतको पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिये। पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल, एएसपी श्री हेमसागर सिदार एवं एसडीओपी श्री तारेश साहू के मार्ग निर्देशन मे मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते हुये वाहन चलाने वालो के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान अनेक लोगो को यातायात के नियमो का पालन करने की हिदायत भी दी गई वहीं अनेक प्रकरणों मे चालानी कार्यवाही भी की गई। उक्त शिविर मे प्रमुख रूप से पावरग्रिड के सीनियर जीएम श्यामल बाला, चीफ मैनेजर पवन कुमार, मैनेजर एचआर शुभम कुमार एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# भिलाई चरोदा निगम की टीम ने चाईनीज मंजा बेचने वालों पर की कार्यवाही

## मंजा जप्त करने के साथ अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता दिलीप टंडन अहिवारा

**दुर्ग। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से मिले निर्देश के उपरांत नगर निगम भिलाई चरोदा प्रशासन द्वारा क्षेत्र में चाईनीज मंजा बेचने वालो पर ताबडतोड कार्यवाही को अंजाम दिया गया है इस संबंध में निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को मंजा बेचने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने निर्देश प्रदान किये गये।**



जिसके पश्चात् संपूर्ण भिलाई03 एवम चरोदा क्षेत्र की दुकानों में औचक निरीक्षण निगम की टीम द्वारा करते हुए नुकसानदायक पतंग मंजा जप्त किया गया।

यहां बता दें कि ये देखा गया है कि छोटे उम्र के बच्चों द्वारा पतंग उड़ाने और दूसरे पतंग वालो की पतंग काटने धारदार मंजे का प्रयोग कर पतंगबाजी की जाती है जिसके कई बार बेहद गंभीर परिणाम देखे गये है। कही हाथ कट जाना, तो कही गले में मंजा लगने से गले पर गंभीर चोट लग जाना। ना जाने कितने ही मामलो में मंजे के कारण लोगो का चोटिल होना देखा सुना पाया गया है जिसके कारण जिला प्रशासन से मिले मार्गदर्शन के अनुरूप चाईनीज मंजा बेचने वालो पर अर्थ दंड लगाकर भविष्य के लिए हिदायत दी जा रही है।

विगत दिनांक निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भिलाई और चरोदा में फैंसी और जनरल समान विक्रेता दुकानदारों की सघन चेकिंग किये जाने पर 24 नग प्रतिबंधित मंजा जप्त किया गया साथ ही 2800 रु अर्थदड भी लगाया गया।

निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, रायटर चंद्रिका प्रसाद साहू, सफाई सुपरवाईजर रविकुमार वर्मा सफाई सुपरवाईजर अरुण कुंजाम समेत पूरी टीम द्वारा 22 दुकान की चेकिंग की गयी।

# अंबिकापुर के पीजी कालेज के छात्रों ने प्राचार्य के उपर लगाया आरोप

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सगुजा।** अंबिकापुर के पीजी कॉलेज में आज बीकॉम 5th सेमेस्टर के छात्रों के द्वारा आजाद सेवा संघ के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया गया, कॉलेज के बाहर बैठकर छात्रों ने जमकर नारेबाजी की,वही छात्रों ने आरोप लगाया है कि देरी से जानकारी मिलने से छात्रों का पूरा साल बर्बाद हो जाएगा,वही इस पूरे मामले को लेकर प्राचार्य ने उचित पहल करने की बात कही है,, दरअसल अंबिकापुर के पीजी कॉलेज के बीकॉम 5th सेमेस्टर के छात्रों ने कालेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है छात्रों का आरोप है कि बीकॉम डिपार्टमेंट के द्वारा देरी से जानकारी दी गई हैं, जहां डिपार्टमेंट ने बताया कि जिन छात्रों का बैक लगा



हैं वो छात्र 5th सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म नहीं भर सकेंगे, इधर छात्रों ने आगे बताया कि डिपार्टमेंट के द्वारा 5th सेमेस्टर से असाइनमेंट टेस्ट सेमिनार लिया गया है इसके साथ ही 5th सेमेस्टर में प्रवेश भी ले लिया है, मगर अब यह छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर सकेंगे, जिससे छात्रों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है छात्रों का कहना है कि अगर कॉलेज प्रबंधन के द्वारा यह जानकारी पूर्व में दे दी जाती तो उनका समय और साल बर्बाद नहीं हो पता मगर अब परीक्षा तिथि पास आ रही है ऐसे में छात्रों को साल बर्बाद होने की चिंता सता रही है जिसको लेकर बीकॉम 5th सेमेस्टर के छात्रों ने आजाद सेवा संघ के बैनर तले प्रचार से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया है इस पूरे मामले को लेकर कॉलेज के प्राचार्य ने बताया की छात्रों को किसी प्रकार का नुकसान ना हो जिसको लेकर हर संभव प्रयास करने की बात की है, देखना होगा कि आने वाले समय में फिफ्थ सेमेस्टर के छात्र परीक्षा फॉर्म भर पाएंगे या फिर उनका साल यूं ही बर्बाद हो जाएगा

# अवैध शराब जब्त

संवाददाता दीपक त्रिपाठी

**पाटन।** आबकारी आयुक्त श्रीमती आर संगीता के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी श्री सी आर साहू के मार्गदर्शन में दिनांक 31/12/24 को भोर गस्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा वृत-दक्षिण दुर्ग पाटन में अवैध शराब के विक्रय/धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर ग्राम गुढ़ियारी थाना उतई में 80 पाव /14.4 लीटर मदिरा गोवा स्पेशल फॉर सेल इन m p ओनली मदिरा जप्त किया गया .उक्त प्रकरण में आरोपी मुकेश साहू के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36,59(क )के तहत प्रकरण कायम कर जेल दाखिल कर



,प्रकरण अरविन्द साहू esi के द्वारा विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण मे मुख्य आरक्षक संतोष दुबे ,ड्राइवर धनराज का विशेष योगदान रहा।

# नव वर्ष पर शांतिपूर्ण व्यवस्था के लिये कड़कड़ाती ठंड में सरगुजा पुलिस दिखी डयूटी करते

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर** - साल 2025 के शुरुवात को लेकर देश भर में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है जहां हर कोई एक दूसरे को नए साल की बधाई देते और नव वर्ष का जश्न मना रहें हैं तो वहीं दूसरी तरफ लोगो के इस जश्न में कोई बाधा न हो इसको लेकर अंबिकापुर में सरगुजा पुलिस कड़कड़ाती ठंड में भी शहर के चौक चौराहो पर अपनी ड्यूटी करती नजर आई, दरअसल सत्र 2024 के अंत और 2025 के आगमन को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिला,तो वहीं दूसरी ओर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लेकर मुस्तैद नजर आई।सरगुजा जिले में नव वर्ष को लेकर ढाई सौ से अधिक पुलिस बल तैनात किये गए है, साथ ही पिकनिक मनाने वाली जगहों पर पुलिस टीम के साथ गोताखोरों की भी तैनाती की गई थी जिससे होने वाली अप्रिय घटनाओ को रोका जा सके, इसके साथ ही शहर के अंदरूनी मार्गो में पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, शहर भर में तैनात पुलिस की व्यवस्थाओ का जायजा लेने जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों देर रात सड़को पर उतरे और पुलिसिंग व्यवस्थाओ का जायजा लिया जहां सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई, जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जिले वासियो से शांति पूर्ण नव वर्ष मानने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है,,बहरहाल नव वर्ष के रंग में कोई भंग ना हो और लोग अच्छे से इसे मना सके जिसको लेकर कपकपा देने वाली इस ठंड में भी पुलिस के जवान लोगो की सुरक्षा में सड़को पर उतर कर अपनी ड्यूटी करते नजर आ रहें है,

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने दोष मुक्ति प्रकरणों के संबंध में उप संचालक अभियोजन एवं लोक अभियोजन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली

***विवेचना में होने वाली त्रुटियों को रोकने और एनडीपीएस मामलों में होने वाली कमियों को पूरा करने संबंधी निर्देश दिए***

जिला ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** आज दिनांक 03.01.2025 को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने कार्यालय के सभागार कक्ष में उप संचालक अभियोजन एवं लोक अभियोजक अधिकारियों के साथ दोष मुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। बैठक में दुर्ग रेंज के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान न्यायालय में



प्रस्तुत प्रकरणों में आरोपियों के दोषमुक्त होने के कारणों का विश्लेषण किया गया। विवेचना में त्रुटियों को दूर करने, भौतिक साक्ष्य सावधानीपूर्वक एकत्र करने और प्रार्थी व गवाहों को उनके बयान पर कायम रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने पर विशेष जोर दिया गया। एनडीपीएस प्रकरणों की विवेचना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर चर्चा हुई। बैठक में अभियोजन की गुणवत्ता को सुधारने और न्यायालय में आरोपियों को दोष सिद्ध करने के लिए ठोस उपायों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। अभियोजन अधिकारियों ने विवेचकों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे प्रकरणों में दोषमुक्ति की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

## बैठक में उपस्थित अधिकारी:

इस समीक्षा बैठक में उप संचालक बालोद श्री प्रेमेंद्र बैसवाड़े, उप संचालक बेमेतरा श्रीमती कंचन पाटिल, लोक अभियोजक दुर्ग श्री सुनील कुमार चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती ज्योति सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्रीमती पदमश्री तंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद श्री अशोक जोशी, डीएसपी श्रीमती शिल्पा साहू, उप निरीक्षक श्री राज कुमार प्रधान, सहायक उप निरीक्षक श्री हेमंत त्रिपाठी, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती तेजस्वी गौतम एवं पुलिस पीआरओ श्री प्रशांत कुमार शुक्ला शामिल हुए।

शुभम मोटर्स में कार्यक्रम आयोजित

# टीबी मुक्त समाज बनाने के लिए निक्षय मित्र का आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थान खम्हरिया। शुभम मोटर्स संचालक रूद्रेश अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सर्वप्रथम श्री मति चंदा देवी के स्मृति में कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।






डॉ.अशोक कुमार बंसोड जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. गुलाबचंद साहू, डॉक्टर प्रियंका, अनिल सिंघानिया, नरसिंग चंद्राकर, ईश्वर बंसल के सानिध्य में श्री मति शांति देवी के चित्र में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। लगभग 50 टीवी मरीज को फूड बैग्स वितरण किया गया। टीबी हारेगा , देश जीतेगा की नारे से हाल गूंज उठा। शुभम मोटर्स हाल में डॉ.अशोक कुमार बनछोड आसपास व ग्रामीण अंचलो से लगभग सैकड़ो की संख्या में मितानीन की उपस्थितिय में सभा को संबोधित करते हुये । छय रोग के खिलाफ देश की लड़ाई में तेजी लाने और वर्ष 2025 तक रोग को खत्म करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। 2025 में देश में टीबी का रोग के खात्मे को लेकर सरकार विभिन्न उपायों पर काम कर रही है। टीवी रोग के उन्मूलन सामान्य नागरिक जनप्रतिनिधि गैर सरकारी संस्थान अन्य संस्थाएं अपनी मजबूत भागीदारी निभा सकती है। इसके लिए सरकार निक्षय मित्र बनाने का मौका दे रही है। या कहे कोई भी व्यक्ति टीवी रोगी को गोद लेकर उनकी सेवा कर सकता है।

अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाने वाले व्यक्ति या संस्थान मरीजों को पोषण , डायग्नोस्टिक रोजगार के स्तर पर मदद कर उनसे सच्ची मित्रता निभा सकता है। यह बातें डॉक्टर बनछोड़ के द्वारा कही गई। कार्यक्रम को अनिल सिंघानिया , नरसिंग चंद्राकर ने भी विस्तार पूर्वक निक्षय मित्र सरकार की योजना के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीण अंचल से मितानीन व टीवी पेसेंट उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मितानिन प्रमुख सपना चौबे, डॉ. प्रियंका श्रवन, मनीष ठाकुर , श्री पूरन आनंद Sts, श्री गुलाब साहू कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका रही।

भाटापारा के लिये बीता सन 2024 निराशाजनक रहा

# राज्य व केन्द्र सरकार से कोई सौगात नहीं मिली, ट्रेन भी नहीं रूकी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** अंग्रेजी वर्ष सन 2024 का एक और वर्ष बीत गया यह वर्ष संपूर्ण रूप से भाटापारा शहर व क्षेत्र के लिये निराशाजनक रहा। सन 2024 मे भाटापारा को एक भी कोई बडी विकास की सौगात हासिल नही हुआ। राज्य शासन व केन्द्र शासन की ओर से भाटापारा पूरी तरह उपेक्षित रहा फलस्वरूप क्षेत्रवासी पूरी तरह निराश हुये। शहर व क्षेत्र को छत्तीसगढ राज्य के सातवे सबसे बडे शहर भाटापारा को पृथक व स्वतंत्र जिले का दर्जा देने की बहुत पुरानी मांग भी पूरी नहीं हुई वहीं भाटापारा शहर सहित शहर सीमा से लगे गांव को जोड़कर अंग्रेज शासन काल मे सन 1935 मे बने भाटापारा नगर पालिका को नगर निगम बनाने की वर्षो पुरानी मांग भी पूरी नहीं होने से निराशा हाथ लगी है इसके अलावा शहरवासी पिछले 25 वर्षो से शहर मे पृथक कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग करते रहे है वह भी पूरी नहीं हुई, नगर मे हाईटेक बस स्टैड निर्माण सहित सिविल हास्पिटल मे सौ बिस्तर हास्पिटल बिल्डिंग निर्माण भी पूर्ण नहीं होने से क्षेत्र के लोग मायूश हुये है, क्षेत्र मे भाटापारा शहर से बिलासपुर शहर की ओर बाईपास सड़क निर्माण की मांग भी सन 2024 मे पूर्ण नहीं होने से क्षेत्र उपेक्षा का शिकार रहा वहीं दो दो पूर्व मुख्यमंत्रियों सर्व श्री डॉ. रमन सिंग एवं भूपेश बघेल द्वारा अलग अलग समय मे ग्राम तरेंगा एवं कड़ार की सार्वजनिक सभा मे भाटापारा मे अतिरिक्त कलेक्टर का कार्यालय प्रारंभ किये जाने की घोषणा पर पूर्ण रूप से अमल नहीं हुआ अतिरिक्त कलेक्टर के लिये बिल्डिंग निर्माण तो वर्षो पूर्व करा लिया गया लेकिन अतिरिक्त कलेक्टर व उसके स्टाफ का बजट प्रावधान नहीं होने से अतिरिक्त कलेक्टर का कार्यालय भी प्रारंभ नहीं होने से क्षेत्रवासी निराश हुये है। इस प्रकार राज्य शासन से सन 2024 मे भाटापारा को एक भी विकास की सौगात नहीं मिली है इसी तरह केन्द्र सरकार से भी भाटापारा को निराशा हाथ लगी है भाटापारा मे नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय के साथ साथ केन्द्रीय डाक घर का भवन भी नहीं मिला जिससे क्षेत्रवासियों मे घोर निराशा व्याप्त है और तो और बार बार की घोषणा के बावजूद भाटापारा जैसे अतिविशिष्ट आय देने वाले भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे सन 2024 मे महत्वपूर्ण यात्री ट्रेन बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस, सिकंदराबाद दरभंगा एक्सप्रेस, कर्मभूमि एक्सप्रेस, रक्सौल हैदराबाद एक्सप्रेस, कुर्ला भुनेश्वर एक्सप्रेस एवं कामाख्या एक्सप्रेस का स्टापेज नहीं मिला जबकि ट्रेन स्टापेज के संबंध मे लगातार आश्वासन व घोषणाऐं की गई लेकिन सन 2024 समाप्त हो गया लेकिन एक भी ट्रेन भाटापारा स्टेशन मे नहीं रूकी इसी तरह राज्य शासन के बजट मे भाटापारा शहर मे शासकीय शिवलाल मेहता हायर सेकेण्डरी स्कूल को नवीन भवन भी नहीं मिला साथ हीं शासकीय ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल के सामने के हिस्से जो खण्डहरनुमा है उसके स्थान पर नवीन भवन बनाने के लिये भी कोई पहल नहीं होने से स्कूल बिल्डिंग की सौगात भी शहर को नहीं मिली है इसके अलावा शहर मे बंद पडे नगर पालिका आयुर्वेदिक औषधालय को प्रारंभ करने तथा भाटापारा सुहेला अति व्यस्त मार्ग पर डिग्गी नाला मे उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग भी पूरी नहीं हुई इस प्रकार सन 2024 मे भाटापारा को विकास की एक भी नई सौगात राज्य व केन्द्र से नहीं मिली जिससे क्षेत्रवासी निराश हुये।

# पालिका चुनाव को लेकर नेताओं में बढ़ी बेचैनी

सभी की निगाह सात जनवरी के आरक्षण को लेकर

**भाटापारा।** आगामी भाटापारा नगर पालिका परिषद के होने वाले चुनाव को लेकर अधिकृत अधिसूचना जारी नहीं होने के बावजूद शहर मे राजनीतिक तापमान बढा हुआ है। राज्य शासन द्वारा पालिका चुनाव को लेकर वार्डो का आरक्षण तो कर दिया गया है लेकिन पालिका अध्यक्ष के कुर्सी के आरक्षण को लेकर तारीख आगे बढाये जाने के बाद राजनेताओं की बेचैनी बढ गई है। नये साल 2025 के सात जनवरी को रायपुर मे पालिका अध्यक्ष के आरक्षण का लॉटरी निकलने के बाद हीं यह स्पष्ट हो पायेगा कि भाटापारा पालिकाध्यक्ष किस वर्ग के खाते मे जा रहा है संभावना है कि पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर अन्य पिछडा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के कोई भी प्रत्याशी दमदारी से उतरेंगे हालांकि आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद हीं राजनीति की दिशा व दशा तय होगा फि र भी पिछडे वर्ग एवं सामान्य वर्ग से पालिकाध्यक्ष पद के लिये लगभग दर्जनभर से अधिक लोग पूरी तरह शहर मे सक्रिय होकर आम जनता के बीच राजनीतिक चर्चा मे मशगूल है शहर के प्रायरू हर होटल, पान ठेला चैक चैराहे पर राजनीतिक नेताओं का जमावड़ा सुबह से देर रात तक लगा हुआ है और वे केवल पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक चर्चा मे मशगूल है खासकर पालिकाध्यक्ष की कुर्सी को लेकर लोग तरह तरह के अनुमान लगा रहे है वहीं वार्डो के आरक्षण होने के बाद प्रायरू सभी वार्डो मे एक से अधिक प्रत्याशी विभिन्न राजनीतिक दलों से उभरकर सामने आ रहे है नगर के ऐसे वार्ड जो सामान्य वर्ग के लिये आरक्षित है वहां पर दूसरे वार्ड वाले भी ताका झांकी कर रहे है जिससे सामान्य वर्ग की सीट पर लगभग आधा दर्जन से एक दर्जन तक उम्मीदवारों के नाम पार्षद पद के लिये तैर रहे है अनेक वार्डो मे तो राजनीतिक एप्रोच लगाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है कोई रायपुर के बडे नेताओं का एप्रोच लगा रहा है तो कोई पूर्व मुख्यमंत्रियों तक पहुंचकर अपनी टिकट के लिये जुगाड़ बिठाने मे लगे है अनेक पूर्व व वर्तमान पार्षद भी दूसरे वार्डो मे अपनी संभावना तलाश रहे है वहीं अनेक पार्षद तो अपने रिश्तेदारो को टिकट दिलाने के लिये सक्रिय हो गये है। शहर के भाजपा व कांग्रेस नेताओं के घर व कार्यालय मे महज इसलिये भीड बढ गई है क्योकि आने वाले समय मे पालिका का चुनाव होना है ।



# बिना अनुमति पेड़ काटने पर वन विभाग की कार्यवाही

## क्रांतिरथ छत्तीसगढ़ की खबर का असर

जिला ब्यूरो चीफ
रतन कुमार

**दुर्ग।** जिले में लगातार बिना अनुमति वृक्ष को काटने वाले कोचिए पर वन विभाग दुर्ग के अन्तर्गत पाटन परिक्षेत्र में वृक्षों को बिना अनुमति के काटा जा रहा है साथ ही तस्करी कोचिया के द्वारा किया जाता रहा हैं आज सुबह करीब 10 बजे पाटन परिक्षेत्र के ग्राम तुलसी में प्रतिबंधित लकड़ी कौहा से भरा वाहन 709 क्रमांक सीजी 04 एच ए 9811 वन विभाग द्वारा पकड़ा गया कोचियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्र. 82/13 दिनांक 05.01.2025 पंजीबद्ध किया गया।मिली जानकारी के अनुसार कोचिया का नाम द्वारिका साहू है इससे पहले भी पेड़ो पर आरी चलाने वालों


16 रायपुर, 29 दिसंबर 2024 क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

पेड़ों पर चला रहे आरियां, रोक पाने में वन विभाग नाकाम


ग्रामीण क्षेत्रों में हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई लगातार जारी है

दुर्ग। ग्रामीण क्षेत्रों में हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई लगातार जारी है। सूचना के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार स्थल पर नही पहुंच पाते। ऐसे में माफिया कीमती पेड़ों पर आरियां चलाकर लकड़ियों से मोटी रकम कमा रहे हैं। मामले में ठोस कार्रवाई नही होने से पूरे जिले भर में लकड़ी तस्कर

पर्यावरण संरक्षण में बड़े बाधक है लकड़ी तस्कर

पर क्रांतिरथ छत्तीसगढ़ के द्वारा खबर लगातार चलाई गई थी जिसमें आज खबर का असर दिख रहा है वन विभाग द्वारा लगातार करवाई की जा रही है






# भाटापारा में सफाई व्यवस्था का बेड़ा गर्क हुआ

## चहुंओर फिर फैली गंदगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी नगर पालिका भाटापारा मे एक लंबे समय से स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षक का पद रिक्त होने के बाद से नगर की सफ ाई व्यवस्था का बेड़ा गर्क हो गया है फ लस्वरूप जगह जगह फि र से कूड़ा करकट कचरा का जमावड़ा होने लगा है गंदगी व कचरो के जमावड़े से शहर मे जहां एक ओर मच्छरो का प्रकोप बढ गया है वहीं दूसरी ओर शहर मे समूचा वातावरण बदबू से परिपूर्ण हो गया है पिछले वर्ष तत्कालीन कलेक्टर रजत बंसल के सख्त रवैये के बाद शहर की सफ ाई व्यवस्था को देखने तहसीलदार व नायब तहसीलदारो का दौरा विभिन्न वार्डो मे सुबह सुबह होते रहा लेकिन प्रशासनिक फे रबदल के बाद से व्यवस्था फि र से बदहाल हो गई है परिणाम स्वरूप समूचे नगर मे जगह जगह नाली व नाला जाम की स्थिति बन रहीं है वहीं सड़को की भी सफ ाई नियमित रूप से नहीं हो रहीं है प्रमुख चैक चैराहे पर कूड़ा करकट कचरो का ढेर लगा है उक्त कचरो के ढेर मे आवारा पशु व सुअर कूड़ा करकट कचरो को फै लाकर सड़को पर बिखेर रहे है जिससे समूचा गंदगी सड़क पर हीं फै ल रहा है इस दुर्गन्धिपूर्ण



वातावरण मे लोगो को आने जाने के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खासकर पूजा अर्चना के लिये विभिन्न मंदिर देवालय मे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदगी से होकर मजबूरी मे देवस्थान तक आना जाना पड़ रहा है नगर मे सर्वाधिक गंदगी वाला क्षेत्र सदर वार्ड अंतर्गत हटरी बाजार के समीप बंद पडे रेल्वे का अंडरब्रिज है जहां पर गंदगी कूडा करकट कचरा के साथ साथ जगह जगह बिक रहे मांस मटन मुर्गा के अवशेष फें के जा रहे है जिससे वहां पर असहनीय बदबू का वातावरण उत्पन्न हो गया है एक लंबे समय से अंडरब्रिज के पास साफ सफ ाई व्यवस्था नहीं किये जाने से उक्त स्थल की ओर आवाजाहीं लगभग बंद की स्थिति मे पहुंच गया है।

### ग्राम कांपा (दाड़ी) में 1008 श्री गणेश महायज्ञ का भव्य आयोजन

# संतों के प्रवचन और आशीर्वचन से श्रद्धालु भाव-विभोर




ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम दाढ़ी कांपा में 1008 श्री गणेश महायज्ञ का आयोजन परम पूज्य श्री सियाराम दास बाबा के नेतृत्व में शनिदेव मंदिर परिसर में भव्य रूप से संपन्न हो रहा है। इस महायज्ञ में प्रतिदिन श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है, जिसे राजीव लोचन महाराज जी के सानिध्य में प्रस्तुत किया जा रहा है।

कल के आयोजन में श्री राम बालक दास जी ने अपने प्रेरणादायक आशीर्वचनों से श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने हिंदू सनातन धर्म पर हो रहे प्रहारों के विषय में गंभीरता से चर्चा की और उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म रक्षा के लिए संगठित होने का संदेश दिया।

इस महायज्ञ के शुभ अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, और विधायक ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण हैं। आयोजन स्थल पर विशाल जनसमूह उमड़ा, जो संतों के दर्शन, प्रवचन, और आशीर्वचन से लाभान्वित हुआ। श्रद्धालुओं ने इस महायज्ञ को धर्म, संस्कृति और एकता का प्रतीक बताया। विजय सिंह और अनिल सिंघानिया जैसे प्रमुख समाजसेवियों ने भी आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### महायज्ञ की मुख्य विशेषताएं:

- **प्रतिदिन संगीतमय राम कथा और संत प्रवचन।**
- **सियाराम बाबा महाराज के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान।**

विशाल भंडारे और जनसमूह की सहभागिता।ग्राम दाढ़ी कांपा में आयोजित यह महायज्ञ सनातन संस्कृति की गरिमा को पुन: स्थापित करने और समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने का अद्भुत प्रयास है। आयोजकों और श्रद्धालुओं के उत्साह से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रभावशाली बन रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in